हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि
रायपुर, शुक्रवार 6 फरवरी 2026




# फर्जी लेटर के सहारे सालों नौकरी, बर्खास्ती के बाद अब आठ पर एफआईआर

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़_ मोहला

राज्य शिक्षा आयोग के फर्जी लेटर के सहारे सरकारी नौकरी करने वाले जिले के चार और मोहला मानपुर जिले के चार कर्मचारियों के खिलाफ शिक्षा विभाग ने एफआईआर दर्ज कराया है।

जानकारी अनुसार 2021 मे टीकम चंद साहू, फगेंद्र सिंहा, रजिया अहमद और अजहर अहमद जिले के अलग-अलग शालाओं में सहायक ग्रेड 3 के पद पर कार्य कर रहे थे जबकि डोलामणी मटारी, शादाब उस्मान, आशुतोष कछवाहा, अमीन शेख मोहला मानपुर जिले के अलग-अलग शालाओं में कार्यरत थे। अगस्त 25 को दो जिलो में फैला फर्जी नियुक्ति का नेटवर्क हेडिंग से हरिभूमि में समाचार प्रकाशित होने के बाद शिक्षा विभाग हरकत में आया। सभी की नियुक्ति को लेकर पड़ताल के दौरान पता चला कि राज्य शिक्षा आयोग के सचिव डॉ.ओपी मिश्रा के आदेश पर डाटा एंट्री आपरेटर के पद पर तीन और पांच सहायक ग्रेड तीन के पद पर सितंबर 2021 से काम कर रहे है। दोनों जिलों में शिक्षा विभाग के अवर सचिव द्वारा जारी मई 22 के आदेश के परिपालन में उन्हे ज्वाइंनिंग दी गई। इस संबंध में डीईओ कार्यालय से राज्य शिक्षा आयोग द्वारा जारी आदेश की सत्यता को लेकर जानकारी लेने पर पता चला कि उक्त क्रमांक का पत्र विभाग ने बैंक ऑफ बड़ौदा की विवेकानंद नगर

⏩ शेष पेज 12 पर

### हाई और हायर में मिली थी पदस्थापना

आयोग द्वारा सितंबर 21 मे जारी पत्र के आधार पर जिले में शिक्षा विभाग द्वारा मई 22 में टीकम चंद साहू को हाई स्कूल मोहगांव, फगेंद्र सिंहा को उमा शाला बकरकट्टा, रजिया अहमद को उमा शाला पैलीमेटा में सहायक ग्रेड तीन के रूप में और अजहर अहमद डाटा एंट्री ऑपरेटर को छुईखदान बीईओं में पदस्थापना आदेश जारी किया गया था। हालांकि इन चारों के अलावा सुश्री सी एच एंथोनी को भी ठाकुरटोला उमा शाला में सहायक ग्रेड 3 के रूप में पदस्थापना आदेश जारी किया गया था। लेकिन उसने अपनी उपस्थिति ही नही दी जिसके चलते पांच में से चार को पहले विभाग ने बर्खास्त किया फिर एफआईआर कराया है। इसी तरह डोलामणी मटारी, शादाब उस्मान, आशुतोष कछवाहा और मोहम्मद अमीन शेख भी मोहला मानपुर जिले के अलग-अलग शालाओं में काम कर रहे थे।

### हरिभूमि ने किया था खुलासा


सरकारी सिस्टम पर लगी सेंध, रेग्युलर कर्मचारी के तौर पर तैनात

फर्जी नियुक्ति पत्र के आधार पर 3 साल से नौ लोग बन गए शिक्षा विभाग के कर्मचारी

### कलेक्ट्रेट मे भी किया काम

जिला गठन के बाद रजिया अहमद को कलेक्ट्रेट के डीएमएफ शाखा में अजहर अहमद को अभियोजन शाखा में संलग्न किया गया था, वही फगेंद्र सिंहा और टीमक सिंहा से डीईओ ऑफिस मे काम लिया जा रहा था। मामले का खुलासा होने के बाद से ही चारों कर्मचारी अलग-अलग कारण बताकर अवकाश पर चले गए थे। तत्संबंध में कार्यालय द्वारा प्रतिरक्षा को लेकर दिया जवाब संतुष्टिजनक और दस्तावेज प्रमाणित नहीं पाया गया जिसके चलते उनकी नियुक्ति को वाजिब ठहराया जा सके। आखिरकार विभाग ने अगस्त में हुए खुलासे पर जांच परीक्षण सहित अन्य प्रक्रिया पूरी करने के बाद राज्य शिक्षा आयोग के फर्जी आदेश के सहारे सालों से नौकरी करने वालों के खिलाफ एफआईआर कराया है।

## खबर संक्षेप

### दो दिवसीय रामायण गान 7 से

**डोंगरगढ़।** ग्राम पंचायत पिनकापार भारत दर्शन मानस प्रचार-प्रसार समिति एवं समस्त ग्रामवासी के सहयोग से दो दिवसीय रामायण गायन वादन टीका सम्मेलन का आयोजन 7 एवं 8 फरवरी को शिव मंदिर नया प्रांगण में रखा गया है।

समिति के नोहर पटेल व धनेश सिन्हा ने बताया कि आयोजन में महतारी के माया मानस परिवार आरी कोनारी, माधुर्य मानस परिवार पोहियादीही, परमानंद मानस परिवार टेकापार खैरागढ़, कद्रेक्षा मानस परिवार करंजा भिलाई, अनंत मानस परिवार पंडरीपानी, स्वरांजलि मानस परिवार अर्जुंदा बालोद, जय लक्ष्मण पाठ मानस परिवार खरसिया रायगढ़, लोक चिन्हारी भरथरी सिकोसा बालोद की प्रस्तुति होगी।

### खेत में जुआ खेल रहे 7 गिरफ्तार



**राजनांदगांव।** छुईखदान पुलिस ने खेत में जुआ खेल रहे 7 लोगों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों से 9100 रुपए नगद व ताशपत्ती जब्त की गई है।

छुईखदान पुलिस ने बताया कि बुधवार दोपहर शहर से लगे खेत में जुए की फड़ जमे होने की सूचना मिली। इसके बाद टीम ने मौके पर दबिश दी, जहां से भारत कुंभकार, लोकेश दास, मुकेश वैष्णव, अशोक सार्वा, रमेश देवांगन, चेतन देवांगन और दिनेश कुंभकार को हिरासत में लिया गया। आरोपियों के खिलाफ जुआ एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है।


**फार्म हाउस जमीन बेचना हैं**

**नदी किनारे रिवर व्यू फार्म हाउस जमीन मुडपार डामर रोड पर स्थित बेचना है।**

- संपर्क करें -
Mo. 9243901653, 8770053130


एनडीपीएस के दो मामलों में पुलिस ने लिया एक्शन

# नशे पर प्रहार: 450 नशीली टेबलेट पकड़ाई, 7 लाख का गांजा भी जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

नशे के कारोबार के खिलाफ पुलिस महकमे ने दो महत्वपूर्ण कार्रवाई की है, जहां कोतवाली पुलिस ने साढ़े चार सौ नशीली टेबलेट को जब्त किया है। वहीं सोमनी पुलिस ने सात लाख रुपए का 14 किलो गांजा के साथ आरोपियों को पकड़ने में सफलता हासिल की है। बड़ी बात यह है कि दोनों ही मामलों में आरोपी दूसरे जिले के हैं, जिनको गिरफ्तार किया गया है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार कोतवाली पुलिस ने गुरुवार को नशीली टेबलेट के अवैध बिक्री पर बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस ने गिरोह के 7 सदस्यों को गिरफ्तार किया है, जो टेबलेट की बिक्री और खरीदी से जुड़े थे। आरोपियों से कुल 450 नग नशीली टेबलेट जब्त की गई है। इस मामले को लेकर एएसपी कीर्तन राठौर ने प्रेसवार्ता में बताया कि कोतवाली पुलिस को बाइपास इलाके में नशे के लिए इस्तेमाल होने वाले प्रतिबंधित टेबलेट के अवैध बिक्री की सूचना मिली। इसके बाद बुधवार रात करीब 10.30 बजे पुलिस टीम ने बाइपास में मौजूद टी-स्टॉक के पास की गुमटी में रेड की, जहां कुछ लोग दुर्ग से नशीली टेबलेट लेकर पहुंचे थे। जिससे कुछ स्थानीय युवकों को बेचा जा रहा था, जिस पर एक्शन लिया गया है।

## इलेक्ट्रिक ऑटो से गांजा तस्करी, पकड़ाए




**राजनांदगांव।** नशे के खिलाफ जारी अभियान के तहत सोमनी पुलिस ने भी बड़ी कार्रवाई करते सात लाख रुपए का 14 किलो गांजा जब्त किया है। बताया गया कि आरोपी गांजे को इलेक्ट्रिक ऑटो के जरिये तस्करी कर रहे थे। इस कार्रवाई में तीन आरोपी गिरफ्तार किए गए हैं।

सोमनी पुलिस ने बताया कि बुधवार रात टेडेसरा में चेकिंग पाइंट लगाया गया था, जहां रायपुर की ओर से आ रहे इलेक्ट्रिक ऑटो को रोका गया। आटो को चेक करने पर भीतर 8 अलग-अलग पैकेट में रखा गांजा जब्त किया गया। जिसका वजह 14 किलो के करीब था। पुलिस ने ऑटो में मौजूद आरोपी दुर्गेश रायकर, मो. जुल्फीकार उर्फ राजा और दीपक साहू को गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में आरोपियों ने गांजा की खेप रायपुर से लेकर आने की जानकारी दी। पुलिस ने आरोपियों से मोबाइल फोन और आटो भी जब्त कर लिया है। नेटवर्क से जुड़े दूसरे लोगों की भी तलाश की जा रही है। तीनों आरोपियों पर नारकोटिक्स एक्ट के तहत कार्रवाई कर जेल भेज दिया गया है।



### यह आरोपी गिरफ्तार

पुलिस ने मौके से दुर्ग निवासी आरोपी सौरभ ध्रुव सहित राजनांदगांव निवासी तरण सिंह, रितेश यादव, प्रमोद बघेल, रोहण गायकवाड़, प्रियांशु चौहान और तारेश सिन्हा को गिरफ्तार किया। आरोपियों के पास से 450 नग प्रतिबंधित टेबलेट जब्त किया है। सभी आरोपियों पर एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई कर जेल भेज दिया गया है।

# सालों से नहीं बनी सड़क चक्काजाम की दी चेतावनी



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

जिले के डोंगरगांव विकासखंड क्षेत्र अंतर्गत अमलीडीह से गिधवा की लगभग 2 किलोमीटर सड़क 10 वर्षों से जर्जर अवस्था में है। बारिश के दिनों में इस सड़क से आवागमन बाधित हो जाता है और लोगों को लगभग 8 किलोमीटर का सफर तय करके गांव तक पहुंचाना पड़ता है। कई बार स्थानीय जनप्रतिनिधि और शासन-प्रशासन से गुहार लगाकर थक चुके ग्रामीणों ने आज कलेक्टोरेट पहुंचकर सड़क निर्माण नहीं किए जाने पर धरना प्रदर्शन और चक्काजाम करने की चेतावनी दी है। कलेक्टोरेट कार्यालय पहुंचे स्थानीय निवासी राजेश सिन्हा, सलमान खान सहित अन्य ग्रामीणों ने कहा है कि कई बार मांग करते हुए उक्त रोड का डामरीकरण करने गुहार लगाई गई है, लेकिन अभी तक डामरीकरण नहीं किया गया है। उन्होंने शीघ्र कार्य प्रारंभ नहीं करने पर कलेक्टर, एसपी और एसडीएम के नाम ज्ञापन के माध्यम से कहा है कि ग्राम अमलीडीह और गिधवा की सड़क निर्माण को लेकर गांव के लोगों द्वारा ग्राम मलईडबरी हाईवे चौक के समीप एक दिवसीय धरना प्रदर्शन एवं चक्काजाम किया जाएगा।

**जनप्रतिनिधियों के खिलाफ आक्रोश:** ग्रामीणों ने आरोप लगाते कहा है कि सड़क निर्माण को लेकर स्थानीय विधायक ने डामरीकरण की प्रक्रिया चल रही है कहा है, लेकिन इस सड़क पर कोई भी कार्य प्रारंभ नहीं हुआ है। कलेक्टोरेट कार्यालय पहुंचे ग्रामीणों ने अपने ज्ञापन में कहा कि यदि डामरीकरण की प्रक्रिया प्रारंभ नहीं हुई है तो जनप्रतिनिधि द्वारा ग्रामवासियों को सड़क के नाम से क्यों गलत जानकारी देकर भ्रमित किया जा रहा है।

# पहले दिन 59 किसानों ने बेचा 5 हजार क्विंटल धान

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शासन के निर्देश बाद जिले में भी दो दिनों के लिए धान खरीदी शुरू कर दी गई है। पहले दिन राजनांदगांव जिले में 59 किसानों से साढ़े पांच हजार क्विंटल धान की खरीदी की गई। शेष किसानें के पास आज अंतिम अवसर है।



इधर नवगठित जिले केसीजी और एमएमसी में भी गुरुवार को धान की आवक देखने को मिली। मिले आंकड़ें के अनुसार केसीजी जिले में 58 किसानों से करीबन पांच हजार क्विंटल और एमएमसी जिले में 259 किसानों से 13 हजार क्विंटल धान की खरीदी की गई है। ज्ञात हो कि आज भी तीनों जिलों में धान की सरकारी खरीदी की जाएगी, जिन किसानों को टोकन जारी किए गए हैं, वह अपनी उपज आज उपार्जन केंद्रों में पहुंचकर बेच सकते हैं।

# सामान्य सभा से पहले एमआईसी की बैठक: विकास के मुद्दों सहित भूजल स्तर में सुधार लाने पर लिया निर्णय

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



महापौर मधुसूदन यादव की अध्यक्षता में महापौर परिषद की बैठक नगर निगम स्थित महापौर कक्ष में संपन्न हुई। बैठक में निर्माण कार्य हेतु आहुत निविदा दर, दुकान के उच्चतम बोली की स्वीकृति, राजस्व कर, प्रधानमंत्री आवास एवं भू-जल स्तर बढ़ाने संबंधित विषयों पर चर्चा उपरांत निर्णय लिया गया।

महापौर श्री यादव ने बैठक के संबंध में बताया कि दुर्गा चौक व जिला अस्पताल क्षेत्र में पानी निकासी के लिए अधोसंरचना विकास योजनांतर्गत नार कन्हैया नाला से जिला अस्पताल तक नाला निर्माण हेतु आहुत निविदा दर की अनुशंसा की गई। इसके अलावा दुकान नीलामी में प्राप्त उच्चतम बोली तथा भूमि या भवन के प्रत्येक स्वामी अपनी भूमि या भवन का वार्षिक भाडा मूल्य विवरणी भर संपत्तिकर का भुगतान संबंधी विषय की स्वीकृति प्रदान की गई।

बैठक में महापौर परिषद के प्रभारी सदस्य सावन वर्मा, सुनील साहू, बिना ध्रुव, शैंकी बग्गा, केवरा विजय राय, वर्षा शरद सिन्हा, आलोक श्रोती, डीलेश्वर प्रसाद साहू एवं राजा माखीजा सहित नगर निगम अध्यक्ष टोपेन्द्र सिंह पारस वर्मा, नगर निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा, कार्यपालन अभियंता दीपक खाण्डे, प्र. कार्यपालन अभियंता प्रणय मेश्राम, प्र.सहायक अभियंता सुषमा साहू, प्र. स्वास्थ्य अधिकारी राजेश मिश्रा, प्र. कार्यालय अधीक्षक नारायण यादव सहित निगम के अधिकारी उपस्थित थे।

### पीएम आवास के तहत मिलेगा लाभ

एमआईसी बैठक के दौरान प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी 2.0 अंतर्गत निकाय क्षेत्रांतर्गत आबादी प्रचलित/सुरक्षित) भूमि पर काबिज परिवारों को योजना में शामिल कर लाभन्वित करने तथा शासन की पं. दीनदयाल उपाध्याय भूशहरी अंतर्गत जल संवर्धन मिशन जिसके तहत भूजल के स्तर को नीचे गिरने से रोकना तथा वर्षाजल संचय के माध्यम से भूजल स्तर में वृद्धि करना और वर्षा जल संचय के लिए स्थल चयन की स्वीकृति दी गई।

# चाकू लहराकर लोगों को डराया, गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



चिखली पुलिस ने चाकू लहराकर लोगों को डरा-धमका रहे दो बदमाशों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों पर आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया है।

चिखली पुलिस ने बताया कि बुधवार रात शंकरपुर सामुदायिक शौचालय के पास दो व्यक्ति द्वारा चाकू लहराकर आने-जाने वाले लोगों को डराने-धमकाने की सूचना मिली। इसके बाद टीम मौके पर पहुंची, जहां से आरोपी सेवक कश्यप उर्फ छोटू और चंदू उर्फ देव नायक को गिरफ्तार किया गया। आरोपियों से दो नग धारदार चाकू जब्त किया गया है। आरोपियों को जेल भेज दिया गया है।

# प्रदेश में सबसे गर्म रहा नांदगांव अगले दो दिनों में लुढ़केगा पारा

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



ठंड का असर कम होते ही अब तापमान तेजी से चढ़ने लगा है। जिसका असर है कि राजनांदगांव जिला 31.5 डिग्री तापमान के साथ गुरुवार को प्रदेश में सबसे गर्म जिला रहा। वहीं न्यूनतम तापमान भी अब चढ़कर 14 डिग्री पर पहुंच गया है। हालांकि मौसम विभाग के अनुसार अगले 48 घंटे में न्यूनतम तापमान में हल्की गिरावट देखने को मिलेगी।

मौसम विभाग के अनुसार अगले दो से तीन दिनों के भीतर प्रदेश के अधिकांश इलाकों के न्यूनतम तापमान में 2 से 3 डिग्री तक की गिरावट संभव है। हालांकि उसके बाद तापमान में परिवर्तन नहीं होगा। इधर दिन का तापमान तेजी से चढ़ने के चलते दिन में गर्मी का एहसास होने लगा है। मौसम विभाग के अनुसार राजनांदगांव जिले का अधिकतम तापमान सामान्य से उपर चला गया है। वहीं न्यूनतम तापमान भी सामान्य पर बना हुआ है।

सालभर बाद राहर दाल 25 रुपए महंगी, खाद्य तेलों के भी बढ़े दाम

# राहर दाल के दाम में इजाफा, 140 रुपए तक पहुंची कीमत

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

खाद्य तेलों के साथ ही एक बार फिर से राहर दाल सहित अन्य दालें भी महंगी हो गई है। इस बार राहर दाल की फसल खराब होने के कारण इसके दाम अब ज्यादा हो गए हैं, जो दाल एक सप्ताह पहले अच्छी क्वालिटी की चिल्हर में 115 रुपए मिल रही थी, उसके दाम 140 रुपए हो गए हैं। सालभर बाद राहर दाल के दाम 25 रुपए बढ़े हैं। चावल के दाम नई फसल आने के बाद पहले कम हो गए थे, लेकिन अब वापस इनकी कीमत ज्यादा हो गई है।

लंबे समय से महंगाई थमने का नाम नहीं ले रही है। कभी कोई सामान तो कभी कोई सामान महंगा हो जाता है। वैसे खाद्य तेलों में लंबे समय से राहत थी, लेकिन अब इसके दाम भी बढ़ गए हैं। खाद्य तेलों में सबसे ज्यादा सोया तेल का उपयोग होता है। इसमें कीर्ति गोल्ड तेल की सबसे ज्यादा डिमांड रहती है। इसका उपयोग घरों के साथ छोटे से लेकर बड़े होटलों में होता है। इसके एक लीटर के दाम कुछ समय पहले थोक में 131 रुपए और चिल्हर में 135 रुपए चल रहे थे, लेकिन अब थोक में ही इसके दाम 137 रुपए हो गए हैं। ऐसे में चिल्हर में इसके दाम 145 रुपए हो गए हैं। कीर्ति गोल्ड का 15 किलो वाला टीन थोक में 2160 से 2300 रुपए हो गया है। यह चिल्हर में 2400 रुपए मिल रहा है। इसी के साथ सनफ्लावर का 15 किलो का टीन 2280 से 2360 रुपए हो गया है। यह चिल्हर में 25 सौ रुपए हो गया है। फल्ली तेल एक लीटर थोक में 160 का 170 हो गया था। यह चिल्हर में 180 रुपए बिक रहा है। हरेली एक लीटर थोक में 135 और चिल्हर में 140 रुपए हो गया है। हरेली 15 किलो का टीन जो पहले 2180 रुपए था, वह अब 2230 रुपए और चिल्हर में यह 2300 रुपए हो गया है। सरसों तेल लाल गुलाब थोक में 180 रुपए लीटर हो गया है। चिल्हर में 190 रुपए बिक रहा है।



### चावल ने भी खाया भाव

नई फसल आने के बाद चावल के दाम दो से पांच रुपए तक कम हो गए थे, लेकिन अब वापस इसके दाम बढ़ गए हैं। पतला चावल जो पहले 55 रुपए किलो हो गया था, वह वापस 60 रुपए किलो हो गया है। इसमें अलग-अलग ब्रांड के दाम अलग-अलग हैं। इसके दाम 60 से 100 रुपए तक है। मोटा चावल थोक में 32 से 35 और चिल्हर में 35 से 40 रुपए किलो हो गया है।

### दालों में महंगाई का उबाल

राहर दाल के दाम बीते सालभर से बहुत कम थे। यह चिल्हर में 100 से 110 में मिल रही थी, लेकिन इसकी नई फसल आने के बाद इसके दाम बढ़ गए हैं। कारोबारियों के मुताबिक इसकी फसल खराब होने के कारण फसल कम हुई है। ऐसे में थोक में ही इसके दाम 125 से 130 रुपए और चिल्हर में 135 से 140 रुपए हो गए हैं। अन्य दालें भी दो से चार रुपए महंगी हुई है। चना दाल थोक में 72 रुपए, चिल्हर में 80 रुपए, मूंग दाल थोक में 100 से 110 और चिल्हर में 110 से 120 रुपए, उड़द दाल धुली थोक में 110 और चिल्हर में 120 रुपए, देशी चना थोक में 62 से 63 और चिल्हर में 70 रुपए, काबुली चना थोक में 90 और चिल्हर में 100 रुपए किलो बिक रहा है।

## खबर संक्षेप

### मानस सम्मेलन सात और आठ को

**चारभांठा।** ग्राम में सदाबहार नवयुवक मंडल एवं ग्रामवासियों के सहयोग से दो दिवसीय श्री रामचरित मानस सम्मेलन का आयोजन सात और आठ फरवरी को रखा गया है। गोवर्धन धाम में आयोजित कार्यक्रम में अनेक रामायण मंडलियों अपनी अनूठी शैली एवं भजनों के माध्यम से प्रभु राम की कथा का रसपान कराएंगी। ग्राम में आगामी 9 फरवरी को मंडई - मेले का आयोजन रखा गया है।

### कैंसर के कारण और लक्षण की दी जानकारी

**टाटेकसा।** एसबीआई फाउंडेशन, एसबीआई एसजी ग्लोबल एवं शिखर युवा मंच के सहयोग से खैरबाना में वर्ल्ड कैंसर दिवस के अवसर पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में संजीवनी टीम ने कैंसर के बारे में विस्तार से जानकारी दी। ग्रामीणों को बताया गया कि तंबाकू, शराब के सेवन, अस्वास्थ्यकर खान-पान, शारीरिक गतिविधियों की कमी, प्रदूषण के कारण कैंसर होता है। कैंसर के प्रारंभिक लक्षण से भी अवगत कराया गया। संजीवनी टीम ने बताया कि कैंसर का समय पर पता लगने पर इलाज संभव है।



### स्वच्छता के लिए किया प्रेरित

**डोंगरगांव।** अन्य पिछड़ा वर्ग मोर्चा के जिलाध्यक्ष दिलीप साहू ने गत दिनों ग्राम पंचायत आरी पहुंचकर ग्रामीणों को स्वच्छता बनाए रखने प्रेरित किया। इस दौरान मछुआ प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष कुलेश्वर निषाद, कुसुम साहू, द्वारिका साहू, तीजन बाई साहू, यमुना बाई, झामीनबाई यादव, सूसूली यादव, संगीता यादव, भक्तिनबाई निषाद सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।



### सिन्हा कलार समाज की बैठक आज

**डोंगरगांव।** तहसील डड़सेना सिन्हा समाज की बैठक कल 6 फरवरी को रखा गया है। सामाजिक भवन में होने वाली बैठक में कार्यकारिणी सदस्य, क्षेत्रधिकारी, ग्राम प्रमुख, युवा प्रमुख, महिला प्रमुख आदि शामिल होंगे। यह जानकारी जितेन्द्र सिन्हा ने दी।

### मछुवारा प्रकोष्ठ के तीन सदस्य मनोनीत

**डोंगरगांव।** जिला निषाद समाज के अध्यक्ष द्रुपद मुन्ना निषाद, पूर्व महासचिव बसंत निषाद, मछुआ प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष कुलेश्वर निषाद को प्रदेश भाजपा मछुवारा प्रकोष्ट में सदस्य नियुक्त किया गया है। उनके मनोनयन पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए समाज के प्रदेश सचिव गिरधर निषाद, संरक्षक हीरा निषाद, मीडिया प्रभारी चैनकुमार निषाद, महासचिव टीकम निषाद, उपाध्यक्ष लोकेश निषाद, उपाध्यक्ष ईश्वर निषाद, सुशीला निषाद, एसआर निषाद, बसंत लारिया, विजय निषाद, दाताराम निषाद, दिनेश निषाद, पद्मनी निषाद, हेमलता निषाद, ओमलता निषाद, छगन निषाद, मौजीराम निषाद, मोतीराम, हरिराम, चुम्मनलाल, पन्ना निषाद सहित अन्य ने बधाई दी है।





### व्याख्याताओं ने छात्रों से किया संपर्क

**अर्जुनी।** नवीन शासकीय महाविद्यालय की प्राचार्य अंजना ठाकुर के निर्देशन में पोषक विद्यालय संपर्क अभियान के तहत सरस्वती शिशु मंदिर एवं आदर्श शाला डोंगरगांव में संपर्क किया गया। अभियान अंतर्गत महाविद्यालय की डॉ संजूसिंह, डॉ काव्या जैन, चांदनी पराते, हिमानी साहू, चंद्रकांत कुंभकार, खेलन साहू ने विद्यालय का भ्रमण कर विद्यार्थियों से चर्चा की। इस दौरान उन्हें राष्ट्रीय शिक्षा नीति, महाविद्यालय में उपलब्ध पाठ्यक्रमों ,छात्रवृत्ति योजनाओं, खेल, सांस्कृतिक गतिविधि, कौशल विकास कार्यक्रमों की जानकारी दी गई। इस दौरान आयोजित प्रश्नोत्तरी में विद्यार्थियों ने अपनी जिज्ञासा व्यक्त की और विशेषज्ञों ने उनका मार्गदर्शन किया।



### मंत्री को समस्याओं से कराया अवगत

**डोंगरगढ़।** छत्तीसगढ़ लघु वेतन शासकीय चतुर्थवर्ग कर्मचारी संघ के प्रदेश महामंत्री योगेश चौरे के निर्देशानुसार संघ के प्रतिनिधिमंडल ने कौशल विकास तकनीकी शिक्षा एवं रोजगार तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग के मंत्री गुरू खुशवंत साहेब से मुलाकात कर महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की। प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व सुरेश ढीढी संचालनालय अध्यक्ष एवं लोकेश वर्मा संयुक्त सचिव ने किया। प्रतिनिधिमंडल में राकेश ठाकुर सहित दर्जनों पदाधिकारी शामिल थे। इस दौरान नियमितीकरण, वेतन विसंगति पर चर्चा की गई। मंत्री ने प्रतिनिधिमंडल की बातों को गंभीरता से सुनते हुए सभी प्रकरणों का समय-सीमा में निराकरण करने का आश्वासन दिया।

### कृषि शिक्षा के संयोजक बने विजेंद्र ठाकुर

**डोंगरगढ़।** प्रदेश भाजपा अध्यक्ष किरणदेव सिंह, संगठन महामंत्री पवन साय की अनुशंसा पर विजेंद्र सिंह ठाकुर को भाजपा किसान मोर्चा छत्तीसगढ़ में कृषि शिक्षा व नवाचार का संयोजक नियुक्ति किया गया है। संगठन में उनके नेतृत्व क्षमता पर विश्वास व्यक्त करते हुए यह दायित्व सौंपा है। श्री ठाकुर विद्यार्थी परिषद, विश्व हिंदू परिषद, बूथ, शक्ति केंद्र, सेक्टर प्रभारी के अलावा भाजपा संगठन में विभिन्न पदों का दायित्व संभाल चुके है।



### संगठन के विस्तार पर चर्चा

**अंबागढ़ चौकी।** ब्लॉक कांग्रेस कमेटी की बैठक 4 फरवरी को रेस्ट हाउस में रखी गयी थी। बैठक में ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष मुकेश सिन्हा, प्रदेश किसान कांग्रेस के महासचिव उदयराम साहू के नेतृत्व में संगठन के विस्तार पर विस्तार से चर्चा की गई। बूथ अध्यक्ष के नामों का वाचन कर सक्रिय कार्यकर्त्ता का नाम जोड़ने पर जोर दिया गया। बैठक में विमल साहू, जितेन्द्र उइके, उदयप्रकाश यादव, सत्तर मालेकर, भैयाराम, नेमीचंद, ललित कोसरे, मुन्ना नेताम, चतुरसिंह नेताम, दयाशंकर गुप्ता, हुमन नागेश्वर, कृपाशंकर नशीने, संतोष नेताम, सीमा मानिकपुरी, नीलम साहू, दुलारसिंग, देवप्रसाद मंडावी, सुकलाल कुमेटी, अमरदास साहू, सालिकराम साहू, दुलार कोमरे, मनोहरसिंह, विकास आदि शामिल हुए।



## अधिकारी कर रहे कीड़ा निकलने से इंकार

# शराब की बोतल में निकला कीड़ा, ग्राहकों में मचा हड़कंप

## सोशल मीडिया में वीडियो वायरल

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

शहर सीमा से लगी कटली शराब दुकान से खरीदी गई शराब की बोतल में कीड़ा मिलने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। इस घटना ने आबकारी विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े हो गए हैं।

जानकारी के अनुसार ग्राम कटली की शासकीय शराब दुकान से खरीदे गए देशी शराब के पौवे में कीड़ा तैरता हुआ पाया गया। शराब क्रेता के बोतल को ध्यान से देखने पर यह कीड़ा दिखाई दिया, जिससे अनहोनी टल गई। समय रहते नजर नहीं पड़ती तो उपभोक्ता की सेहत को गंभीर नुकसान पहुंच सकता था। इस घटना का वीडियो इन दिनों सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। वीडियो में साफ देखा जा सकता है कि पौवा पूरी तरह सीलबंद है जिसके अंदर कीड़ा मौजूद है, जो शराब की शुद्धता और पैकिंग प्रक्रिया पर गंभीर सवाल खड़े करता है।


फाईल फोटो

### लोगों ने जतायी नाराजगी

स्थानीय लोगों में इस घटना को लेकर भारी आक्रोश है। उनका कहना है कि शासकीय दुकान से मिलने वाली शराब पर ग्राहक भरोसा करते है, लेकिन इस तरह की लापरवाही जनता की जान से खिलवाड़ है। मामला सामने आने के बाद आबकारी विभाग के अधिकारी शराब की बोतल में कीड़ा मिलने की बात को सिरे से खारिज कर रहे हैं। लोग सवाल कर रहे है कि वीडियो और प्रत्यक्ष प्रमाण मौजूद हैं, तो अधिकारी कार्रवाई करने से क्यों कतरा रहे हैं?

## डोंगरगढ़ में बौद्ध सम्मेलन आज

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

धर्म नगरी में कल छह फरवरी को 33 वां बौध्द सम्मेलन आयोजित किया गया है। प्रज्ञागिरि तीर्थ में होने वाले धार्मिक आयोजन की सभी तैयारी पूर्ण कर ली गई है। इस बार सम्मेलन में देश- विदेश के लगभग 100 बौद्ध भिक्षु शामिल होकर तथागत भगवान बुद्ध की 30 फुट ऊंची प्रतिमा के समक्ष अलग अलग भाषाओं में परित्राण पाठ करेंगे। इस दौरान बुद्ध की जीवनी पर प्रकाश डाला जाएगा। कार्यक्रम में धम्मसेना नायक, आर्य नगार्जुन, सुरई ससाई के मार्ग दर्षन में शोगीन ओकानजाकी, शंदाई होंडा, कियोकांडो, शुचो जुगे, याशुके कावशाकी उपस्थिति दर्ज कराएंगे।

■ देश विदेश के बौद्ध अनुयायी होंगे शामिल

आयोजन को लेकर आदर्श नागसेन बौद्ध विहार कालकापारा से रैली निकाली जाएगी जो जय भीम के उदघोष करते हुए प्रज्ञागिरि पहुंचेगी। मार्ग पर स्थित बौद्ध बिहार और बाबा साहब की प्रतिमा स्थल पर परित्राण पाठ करने के साथ विभिन्न आयोजन होंगे। प्रज्ञागिरि पहाडी पर पूजा अर्चना और नीचे सभा का आयोजन रखा गया है।

आयोजन में बौद्ध अनुयायी, सामाजिक राजनीतिक प्रतिनिधि शामिल होंगे। प्रज्ञागिरि ट्रस्ट समिति के अध्यक्ष विनोद खांडेकर ने अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने का आव्हान किया है।

### जनप्रतिनिधि आमंत्रित

बौद्ध सम्मेलन में शामिल होने के लिए समिति ने जनप्रतिनिधियों को नेवता दिया है जिसमें मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, विधान सभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंग, उप मुख्यमंत्री अरूण साव, विजय शर्मा, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष किरणसिंह देव, प्रभारी मंत्री गजेन्द्र यादव, राजेश अग्रवाल, सांसद संतोष पांडे, पर्यटन मंडल अध्यक्ष नीलू शर्मा, राजकुमार बडोले विधायक सडक अर्जुनी, संजय पुराम विधायक देवरी, विधायक हषिता स्वामी बघेल, महापौर मधुसुधन यादव, पूर्व सासंद अभिषेक सिंह, जिला भाजपा अध्यक्ष कोमल सिंग राजपुत, पालिका अध्यक्ष रमन डोंगरे, सुरेन्द्र शेंडे, आयुक्त महादेव कावडे, दिलीप वासनिकर, डॉ उदय थापरडे, केएन कांडे शामिल है।

### एडवेंचर कैंप में अजीज स्कूल की सहभागिता

**डोंगरगढ़।** पर्यावरण, साहसिक गतिविधियों और जीवन कौशल को बढ़ावा देने के उद्देश्य से इकोवीरा इंडिया एवं वन समिति ने स्काउट गाइड विद्यार्थियों के लिए पहली बार दो दिवसीय स्काउट एंड गाइड हाइकिंग ट्रेकिंग एडवेंचर कैंप का सफल आयोजन किया। यह कैंप डंगोरा मैकल सनराइज पॉइंट द्वारा में आयोजित किया गया। कैंप में अजीज पब्लिक स्कूल इंदामारा ने सक्रिय सहभागिता निभाई। कैंप के दौरान स्काउट एवं गाइड द्वारा फ्लैग होस्टिंग की गई। विद्यार्थियों को मार्ग चिन्हों की पहचान, छुपे संदेशों को खोजने, ट्रेक के नक्शों को समझने, दिशा-निर्देशन तथा ट्रेक के दौरान चलने के सही तरीके और सुरक्षा नियमों का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया। बच्चों ने बिना बर्तन के भोजन बनाना, आग जलाना, भोजन को सुरक्षित रखना, पायनियरिंग प्रोजेक्ट तथा आपातकालीन स्थिति में त्वरित टेंट लगाना आदि सीखा। शिविर में एडवेंचर इक्विपमेंट्स का बेसिक नॉलेज दिया गया, जिसमें रोप, हार्नेस, कैरबीनर, हेलमेट, डिसेंडर, मिटन, कम्पास आदि के सुरक्षित उपयोग की जानकारी शामिल थी। बच्चों को शारीरिक मजबूती, ऊँचाई के अनुसार स्वयं को ढालना, बाहरी खतरों से निपटना तथा प्राथमिक उपचार का भी प्रशिक्षण दिया गया। शिविर में गाइड इंचार्ज सुश्री फलक फरजाना, स्काउट इंचार्ज खोमेंद्र साहू, शिक्षक हर्षित साहू, दिनेश निषाद एवं रूपाली डड़सेना उपस्थित थे। कैंप का आयोजन प्राचार्य सचिन पाल सिंह ठाकुर, डायरेक्टर तनाज अजीज एवं मेंटर फरजाना दानिश का मार्गदर्शन मे किया गया। इकोबीरा इंडिया के संस्थापक प्रमेश विजयवार ने बताया कि बच्चों को केवल कक्षा तक सीमित नहीं रहना चाहिए।

### बिजली उपभोक्ताओं का सम्मान



**डोंगरगढ़।** विद्युत वितरण केंद्र शहर के तत्वावधान में कृषि उपज मंडी में रजत जयंती महोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में नगर पालिका अध्यक्ष रमन डोंगरे शामिल हुए। अध्यक्षता भाजपा मंडल अध्यक्ष जसमीत बन्नोआना ने की। विशिष्ट अतिथि पार्षद थे। कार्यक्रम की शुरूआत में अतिथियों ने छत्तीसगढ़ महतारी की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्जवलित किया। सहायक अभियंता लाखनसिंह ठाकुर,कनिष्ठ अभियंता सम्मन ठाकुर ने विभागीय योजनाओं के बारे में बताया। इस अवसर पर सेवानिवृत कर्मचारी महेंद नागदेवे सहित अन्य मौजूद थे। नगरवासियों को पीएम सूर्य घर योजना के बारे में बताया गया। श्रेणीवार 5-5 उपभोक्ता जिन्होंने लगातार 2 साल से नियमित बिजली बिल का भुगतान किया है को सम्मानित किया गया।

## विधायक ने किया भवन का भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

■ अछोली में 10 लाख की लागत से बनेगा भवन
■ विधायक निधि से मिली स्वीकृति

महर्षि सुदर्शन वाल्मिकी गिरी अछोली में 10 लाख की लागत से बनने वाले सामाजिक भवन का भूमिपूजन विधायक हर्षिता स्वामी बघेल कार्यक्रम ने किया। अध्यक्षता सरपंच नन्दकुमार साहू ने की। विशिष्ट अतिथि तरुण हथेल सांसद प्रतिनिधि थे। मंत्रों के साथ भूमिपूजन किया गया। स्वागत के बाद विधायक हर्षीता स्वामी ने उदबोधन में कहा कि मैं जो वादा करती हुं उसे पूरा भी करती हुं। सरपंच नंदकुमार साहू ने विधायक का आभार जताते हुए कहा इस धार्मिक धरती में बिना भेदभाव के विकास होगा। सांसद प्रतिनिधि तरुण हथेल ने समाज के मुखिया होने के नाते विधायक, सरपंच को धन्यवाद दिया। कार्यक्रम में पूर्व सरपंच फिरंगी पटेल, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी डोंगरगढ़ के अध्यक्ष हरीश भंडारी, ग्रामीण ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष पंचराम, शिशुपाल भारती, राम तराने, जितेन्द्र सिंग भाटिया, महानदी, पप्पू इंदुरकर, गोपाल डकहा, राज डकहा, विजय करसे,पवन मधुमटके विनोद करसे, सतीश समुंद्रे, दौलत समुंद्रे, नरेश करसे, सुधीर बघेल दीपक बघेल, रुपेश बघेल, सुभाष बिरहा, प्रीतम, अरविंद हथेल, संजय हथेल, मयूर हथेल, अजीत हथेल, अतुल बिरहा, शक्ति भावरेल, सतीश बिरहा, सतीश समून्द्रे, रवि करसे, उमेश करसे, राजू बघेल, राजू समुंद्रे, शुभम परिहार, संजीव बक्सरे अनिल यादव, ऋषभ डकहा, कीर्ति सांडेकर, ज्योति गौतेल, कंचन हत्थेल, सीमा समुंद्रे, पूर्णिमा समुंद्रे, आरती करसे, चांदनी गोईकार, संगीता, रेशमा करसे, राखी करसे उपस्थित थे।



## एलबी नगर में मानस महायज्ञ का आयोजन

# बहकावे में न आए, संतों के बताए रास्ते पर चले युवा : चिन्मयानंद

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

लाल बहादुर नगर में आयोजित मानस महायज्ञ में संत चिन्मयानंद बापू ने युवाओं से धर्म से जुड़ने का आवाहन किया। उन्होंने कहा कि युवा गूगल के भरोसे न बैठकर स्वाध्याय और ग्रंथों का अध्ययन करें।

महापुरुषों की बातों को ध्यान से सुनें और मनन करें। उन्होंने लोगों से आव्हान करते हुए हुए कहा कि संतों और आचार्यों से दूर न जाए। सोशल मीडिया के बहकावे में न आकर धर्म का आचरण करें। उन्होंने कहा कि अधर्म तभी फैलता है जब धर्म को बचाने वाला नहीं रहता। सोची समझी साजिश के तहत समाज को संतों से अलग किया जा रहा है। साधु, संतों और ब्राह्मणों के प्रति लोगों में सोशल मीडिया के माध्यम से जहर भरा जा रहा है।



### संत दिखाते हैं धर्म की राह

उन्होंने कहा कि लोग जब संतों की बातें नहीं मानेंगे तो उन्हें धर्म क्या है पाप पुण्य क्या है बताने वाला ही कोई नहीं रहेगा जिससे उन्हे अधर्म की तरफ मोडा जा सकता है। युवा वर्ग बहकावे में ना आएं। षड्यंत्र के तहत हिंदू समाज के खिलाफ ब्रेनवास किया जा रहा है इसलिए सावधान रहने की आवश्यकता है।

### अशिक्षा के कारण धर्मांतरण

बढ़ते धर्मांतरण पर उन्होंने कहा कि ज्ञान का अभाव ही धर्मांतरण का प्रमुख कारण है। ज्ञान के अभाव में लोगों को धर्म की महिमा ही नहीं बता पाते और वह बहकावे में आकर धर्मांतरण कर रहे हैं।

### शाकाहार का पालन करें

श्रीराम के बताएं आदर्शों पर चलने का आवाहन करते हुए कहा कि क्या 50 वर्ष पूर्व हमारे पूर्वज विटामिन की कमी में जी रहे थे जो आज का युवा वर्ग इस तरह के भटकाव में है कि बिना अंडे व मांस भक्षण के उन्हें शरीर में विटामिन नहीं मिलेगा। कई उदाहरण के साथ उन्होंने युवाओं से शाकाहार का पालन करने का आव्हान किया ताकि समाज का भला हो सके।

## बजट से होगी अर्थव्यवस्था मजबूत

**डोंगरगढ़।** प्रदेश भाजपा किसान मोर्चा के मंत्री मूलचंद लोधी ने केंद्र सरकार के बजट का स्वागत करते हुए कहा कि यह बजट किसान, गांव और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने वाला है। बजट में किसानों की आय बढ़ाने, खेती को आधुनिक बनाने और कृषि से जुड़े हर वर्ग को लाभ पहुंचाने पर ध्यान दिया गया है। उन्होंने कहा कि सरकार ने इस बजट में किसानों के लिए अनेक महत्वपूर्ण प्रावधान किए हैं, जिससे खेती करना आसान होगा।



विधायक हर्षिता स्वामी बघेल ने केंद्रीय बजट को अब तक का सबसे निराशाजनक बताया है। इस बजट में उम्मीद थी बेरोजगारी को देखते हुए रोजगार के क्षेत्र में राहत मिलेगी, लेकिन ऐसा कुछ नहीं हुआ। बजट न व्यापारियों, महिलाओं और युवाओं के हित में नहीं है। कर्मचारियों को मिलने वाले आठवे वेतनमान के बारे में बजट में कुछ भी स्पष्ट नहीं है।



**खड़गांव।** भाजपा नेता चेतन साहू ने केंद्रीय बजट को विकसित भारत के लक्ष्य की ओर तेजी से आगे बढ़ाने वाला बताया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में तैयार यह बजट समावेशी विकास, 5 आर्थिक मजबूती और सामाजिक संतुलन का सशक्त उदाहरण है। बजट किसान, गरीब, महिला, युवा, मध्यम वर्ग और उद्यमियों के हित में है।



**डोंगरगांव।** कांग्रेस नेत्री श्रुति शुक्ला ने केन्द्रीय बजट को थोथा चना बाजे घना की कहावत चरितार्थ करने वाला बताया है। उन्होंने कहा कि महिला वित्त मंत्री ने देश की महिलाओं की चिंता करते हुए उन्हे सुहाग का प्रतीक मंगल सूत्र, पायल, बिछिया को लौटने का प्रावधान नहीं किया है। बजट ने नौकरी औ रोजगार का इंतजार कर रहे युवाओं को काफी निराश किया है।



### जिपं सभापति ने मंत्री को सौंपा ज्ञापन

**डोंगरगढ़।** प्रदेश भाजपा कार्यालय रायपुर के सहयोग केंद्र में स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल से मुलाकात कर जिपं सभापति अनिता मांडवी ने बोरतलाव में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र संचालन एवं भवन की मांग किया। स्वास्थ्य मंत्री ने जल्द ही सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र संचालन एवं भवन निर्माण का आश्वासन दिया। इस मौके पर श्रीमती मंडावी के साथ में जिपं उपाध्यक्ष किरण साहू, प्रेमलाल, दशरथ पटौती, आनंद निषाद, अरुण सिंह, अमर साहू, कमलेश साहू, अशोक साहू, राकेश साहू, दशरथ नेताम, सुभाष नेताम, हेमंत साहू, अमृत लोधी, अरविंद नंदेश्वर आदि मौजूद थे।





विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

### वित्तीय वर्ष की समाप्ति पर राजस्व वसूली में कड़ाई

# प्रीमियम भुगतान नहीं, जेल रोड की सात दुकान में निगम ने जड़ा ताला

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

वित्तीय वर्ष की समाप्ति पर नगर निगम राजस्व वसूली में कडाई बरतते दुकानों की बकाया प्रीमियम तथा दुकान किराया पर संबंधित को नोटिस जारी कर रही है। साथ ही संपत्तिकर, जलकर, समेकितकर के बड़े बकायेदारों को भी नोटिस जारी किया जा रहा है। आज हाईटेक बस स्टैंड जेल रोड की दुकानों का प्रीमियम जमा नहीं करने पर 7 दुकानों में ताला जड़ने की कार्रवाई की गई।

वित्तीय वर्ष समाप्ति के अंतिम माह में लक्ष्य के अनुरूप राजस्व वसूली के लिए नगर निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा राजस्व विभाग की प्रतिदिन मानिटरिंग कर रहे हैं और बकायेदारों को नोटिस जारी कर कार्रवाई के निर्देश दे रहे हैं। निर्देश के अनुक्रम में राजस्व अधिकारी राजेश तिवारी के नेतृत्व में निगम का अमला बड़े बकायेदारों को नोटिस जारी कर बकाया करो का भुगतान नहीं करने की स्थिति में कार्रवाई की तैयारी कर रहे हैं।

### थमाई नोटिस

आयुक्त श्री विश्वकर्मा ने बताया कि शासन लक्ष्य के विरूद्ध शत-प्रतिशत राजस्व वसूली किया जाना है। वसूली के लिए करदाताओं को करो का भुगतान करने अपील की जा रही है। बड़े बकायेदारों को नोटिस दिया जा रहा है।



### इन दुकानदारों पर कार्रवाई

आज की कार्रवाई में हाईटेक बस स्टैंड जेल रोड के दुकानदारों में दुकान क्रं. 1 आबंटिति मनीष कुमार बाफना द्वारा प्रीमियम राशि 5 लाख 14 हजार जमा की गई व 6 लाख का अगामी तिथि का चेक दिया गया। साथ ही जिन दुकानों के आबंटितियों द्वारा प्रीमियम राशि जमा नहीं करने पर दुकान क्रं. जी-2 आबंटिति भावेश अग्रवाल बकाया प्रीमियम 11 लाख 38 हजार 757 रुपए, दुकान क्रं. जी-3 आबंटिति प्रकाश राठौड बकाया प्रीमियम 13 लाख 39 हजार 206 रुपए, दुकान क्रं. जी-7 आबंटिति श्रीमती मीना राठौड बकाया प्रीमियम 13 लाख 39 हजार 206 रुपए, दुकान क्रं. जी-8 आबंटिति दादा ब्रदर्स बकाया प्रीमियम 13 लाख 40 हजार 206 रुपए, दुकान क्रं. जी-9 आबंटिति भावेश अग्रवाल बकाया प्रीमियम 11 लाख 40 हजार 757 रुपए एवं दुकान क्रं. जी-10 आबंटिति दादा ब्रदर्स बकाया प्रीमियम 13 लाख 47 हजार 206 रुपए का प्रीमियम राशि जमा नहीं करने पर उक्त 7 दुकानों में ताला जड़ने की कार्रवाई की गई।

### 13 विज्ञापनकर्ताओं को नोटिस जारी कर जुर्माना

फ्लाई ओवर के नीचे बिना निगम की अनुमति के लगभग 13 विज्ञापनकर्ताओ द्वारा अपनी संस्था का विज्ञापन प्रकाशन किया गया है, जिस पर कार्रवाई करते नगर निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा ने संबंधितों को नोटिस जारी कर 10-10 हजार रुपए अर्थदंड आरोपित किया है। नगर निगम द्वारा समय-समय पर बिना अनुमति बैनर, पोस्टर, होर्डिंग्स लगाने पर नोटिस दिया जाता है। नोटिस उपरांत नहीं हटाने की स्थिति में जब्ती कर जुर्माना लगाया जाता है। वर्तमान में सौंदर्यीकरण की दिशा में फ्लाई ओवर के नीचे रंगाई-पोताई किया जा रहा है, जहां कतिपय लोगों द्वारा पोस्टर लगाकर विज्ञापन प्रकाशन किया गया है। उन 13 विज्ञापनकर्ताओं को आयुक्त श्री विश्वकर्मा ने अवैध रूप से विज्ञापन कर शासकीय संपत्ति का विरूपण करने तथा छग नगर पालिक निगम अधिनियम की धारा 335 एवं संपत्ति विरूपण अधिनियम के उल्लंघन पर हटाने नोटिस जारी कर 10-10 हजार रुपए अर्थदंड अधिरोपित किया है।

# गिरफ्तारी के बाद पहुंचे वार्डवासी कहा मोहल्ले में आरोपी का आतंक

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



शहर के बसंतपुर वार्ड क्रं. 46 के लोग आज मोहल्ले के ही एक आदतन बदमाश के खिलाफ एसपी कार्यालय पहुंचे। उन्होंने आरोपी और उसके परिवार के खिलाफ शिकायत करते हुए इनकी वजह से क्षेत्र में भय और दहशत होने की बात कही। स्थानीय पार्षद के साथ पहुंचे वार्ड के लोगों ने कहा कि मोहल्ले में राहुल राजपूत उर्फ गुर्जर ने लोगों का जीना दुश्वार कर दिया है। उसके द्वारा आए दिन किसी से भी बेवजह मारपीट की जाती है। वहीं आरोपी दिनभर नशे में रहता है और महिला-पुरूष सभी के साथ मारपीट करता है।

बीते 3 फरवरी को इस मामले में वार्ड के लोगों द्वारा बसंतपुर थाना में लिखित शिकायत के बाद बसंतपुर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई की और आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया है। अब वार्ड के लोगों का कहना है कि आरोपी जेल से छूटने के बाद फिर से वार्ड में आकर लड़ाई झगड़ा करेगा। उन्होंने इस मामले में एसपी से मांग की है कि आरोपी को इस क्षेत्र में रहने ना दिया जाए।

### मादक पदार्थ बेचने की शिकायत

वार्ड के लोगों ने शिकायत करते कहा है कि इस परिवार के लोगों द्वारा शराब, नशीली दवाई और अन्य मादक पदार्थ बेचा जाता है, जब भी शिकायत करते हैं तो आरोपी का परिवार मारपीट और लड़ाई झगड़े पर उतारू हो जाता है।

### कई लोगों का तोड़ चुका है हाथ

एसपी कार्यालय पहुंचे वार्ड के लोगों ने बताया कि आरोपी राहुल राजपूत उर्फ गुर्जर द्वारा बेवजह किसी से भी मारपीट और गाली-गलौज की जाती है। कहीं कोई दुकान में बैठा रहता है या घर पर रहता है तो भी आरोपी बेवजह मारपीट कर गंदी गालियां देता है। आरोपी द्वारा मोहल्ले के चार से पांच लोगों का हाथ भी तोड़ दिया गया है। जिसके चलते अन्य लोग दहशत में रहते हैं।

### घर घुसकर करता है मारपीट

एसपी कार्यालय पहुंची वार्ड की महिलाओं ने बताया कि आरोपी काफी नशे का आदी है और कभी भी किसी के भी घर घुसकर गाली-गलौज और मारपीट करने लगता है। उसके द्वारा महिलाओं और बच्चों के साथ भी मारपीट किया जाता है। महिलाओं ने कहा कि घर में अकेली महिलाएं रहती है तो आरोपी आए दिन किसी के भी घर घुस जाता है और शिकायत करने पर आरोपी की मां भी उसका पक्ष लेती है। वार्ड की महिलाओं ने कहा कि राहुल राजपूत का भाई भी इसी तरह हरकत करता है।

## खबर संक्षेप

### युवा सम्मेलन शनिवार को

**सड़क अतरिया।** राष्ट्रीय स्वयं संघ ने शताब्दी वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर युवाओं के व्यक्तित्व विकास एवं राष्ट्र निर्माण के उद्देश्य से 7 फरवरी को सड़क अतरिया में विकासखंड स्तरीय युवा सम्मेलन का आयोजन किया गया है। वेद विज्ञान विद्या मंदिर में सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक शिविर चलेगा। सम्मेलन में मुख्य वक्ता के रूप में प्रांत जनजातीय कार्य प्रमुख सतीश गोकुल पंड़ा शामिल होंगे। आयोजन समिति ने क्षेत्र के सभी युवाओं को सम्मेलन में शामिल होने की अपील की है।

### नि:शुल्क आंख एवं दंत परीक्षण शिविर

**जेवरतला रोड।** पिनकापार में धरमचंद जैन के परिवार द्वारा नि:शुल्क आंख एवं दंत परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का सैकड़ों महिला पुरुषों ने लाभ उठाया। उदयाचल नेत्र चिकित्यालय के विशेषज्ञों ने मरीजों का परीक्षण किया। जांच के बाद आंख के आपरेशन और चश्मा वितरण में जैन परिवार सहयोग करेगा। इस मौके पर जागृतसिंह देवांगन ने आयोजन की सराहना करते हुए जैन परिवार के प्रति आभार व्यक्त किया। इस मौके पर सरपंच तारन रजक, नरेश सोनी, दिलेश्वर भुआर्य, इंदु भुआर्य, अखिलेश्वर मिश्रा, मुकेश गांवरे, शंकर कोमा, तिलक भुआर्य, यमेश्वर रावटे, महेन्द्र निषाद, युगल पटेल, पप्पू कौशिक, जनक खरे, चेतन रावटे, कपिल भुआर्य, घासीदास एवं अन्य स्वयंसेवकों का सम्मान किया गया।

### सरस्वती शिशु मंदिर में दीक्षांत समारोह

**डोंगरगांव।** स्थानीय सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक



विद्यालय की कक्षा दशम एवं एकादश के भैया बहिनों के सहयोग से विद्यालय परिवार ने कक्षा द्वादश में अध्यनरत भैया बहिनों का दीक्षांत समारोह आयोजित किया। दीक्षांत समारोह में मुख्य अतिथि जितेन्द्र वैष्णव थे। अध्यक्षता आचार्य हृदयराम पटेल ने की। विशेष अतिथि युगल किशोर सिंह, अनमोल पगारे, नेमूदास, हेमा साहू, शांति निर्मलकर, सोहन यदु थे। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती की पूजा अर्चना एवं दीप प्रज्जवलन के साथ हुआ। आचार्य श्री पटेल ने भैया बहिनों ने विद्यालय में जो शिक्षा और संस्कार ग्रहण किए हैं उसे हमेशा बनाए रखें। आचार्य नेमूदास ने कहा कि स्वयं का आत्म विश्वास की सफलता की कुंजी है। समाज सेवा एवं अपनी संस्कृति के प्रति निष्ठावान रहे। इस अवसर पर कक्षा द्वादश के भैया बहिनों को अतिथियों ने श्रीफल, गीता ग्रंथ प्रदान कर सम्मानित किया।

### कक्षा 6वीं प्रवेश हेतु आवेदन प्रक्रिया प्रारंभ

**मोहला।** एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों की कक्षा 6वीं में प्रवेश हेतु ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है। प्रवेश के लिए इच्छुक विद्यार्थी 7 फरवरी तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। ऑनलाइन भरे गए आवेदन पत्र में त्रुटि सुधार 8 से 10 फरवरी तक होगी। प्रवेश परीक्षा आगामी एक मार्च को होगी।

## निधन

### बेनीराम डड़सेना



**डोंगरगढ़।** बेलगांव निवासी पूर्व पशु चिकित्सक बेनीराम डडसेना का 85 साल की आयु में निधन हो गया। वह लंबे समय से अस्वस्थ थे। उनका अंतिम संस्कार गृहग्राम बुन्देली महासमुंद में किया गया। उनके निधन पर कलार समाज सहित सामाजिक संगठनों ने शोक व्यक्त किया है।

### गिरीश जैन

**डोंगरगढ़।** नगर के गिरीश जैन का आकस्मिक निधन हो गया है। उनका अंतिम संस्कार स्थानीय छिरपानी मुक्तिधाम में किया गया। उनके निधन पर जैन समाज सहित अन्य सामाजिक संगठनों ने शोक व्यक्त किया है।

### जब्तशुदा वाहन राजसात

**राजनांदगांव।** कलेक्टर जितेन्द्र यादव ने पुलिस अधीक्षक से प्राप्त प्रतिवेदन के आधार पर कुल होम्स दलदल सिवनी रायपुर छत्तीसगढ़ निवासी प्रीतम सिंह घटोर्डे के स्वामित्व की जब्तशुदा वाहन टाटा ट्रक सीजी-04-डीएल-8325 एवं शिवनगर इंदरा नगर रायकान्हान पीपरीभाग-7 नागपुर महाराष्ट्र निवासी अमोल घाडे के स्वामित्व की जब्तशुदा वाहन टाटा ट्रक एमएच-40-वाय-1592 को छत्तीसगढ़ कृषक पशु परिरक्षण अधिनियम 2014 के प्रावधानों के तहत शासन के पक्ष में राजसात किया है। पुनरीक्षण अवधि समाप्त होने तथा सक्षम न्यायालय से किसी प्रकार का कोई आदेश प्राप्त नहीं होने की दशा में राजसात किए गए वाहन का गठित समिति द्वारा नियमानुसार नीलामी की कार्रवाई की जाएगी एवं प्राप्त राशि को छत्तीसगढ़ शासन के निर्धारित मद में खजाना दाखिल करने की कार्रवाई की जाएगी। सक्षम न्यायालय (सत्र न्यायालय राजनांदगांव) से आदेश के विरूद्ध कोई आदेश प्राप्त होने पर आगे की कार्रवाई न्यायालय के आदेशानुसार की जाएगी। उल्लेखनीय है कि उक्त वाहन से कुल 32 नग मवेशी भैंसा प्रजाति को भरकर बिना चारा-पानी के क्रूरतापूर्वक बूचडख़ाना व कत्लखाना की ओर ले जाया जा रहा था।

### तीन दिवसीय प्रवचन आज से

**जेवरतला रोड।** ग्राम बोड़ेना में तीन दिवसीय संगीतमय कबीर सत्संग, भजन एवं प्रवचन समारोह का आयोजन 6, 7 एवं 8 फरवरी को रखा गया है। इस आयोजन के मुख्य प्रवचनकर्ता तुलसी साहेब होंगे। यह जानकारी कबीर सत्संग समिति के सदस्य ऋषि कुमार साहू ने दी।

### 10 से 16 फरवरी तक होगा रुक्खड़ स्वामी महोत्सव

# यज्ञ, विशेष पूजा के साथ लगेगा स्वास्थ्य शिविर

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

श्री रुक्खड़ स्वामी मंदिर परिसर में आगामी 10 से 16 फरवरी तक सात दिवसीय श्री रुक्खड़ स्वामी महोत्सव का भव्य आयोजन किया जा रहा है। महोत्सव अंतर्गत धार्मिक, आध्यात्मिक, सांस्कृतिक व जन-जागरूकता से जुड़े विविध कार्यक्रम होंगे। संबंध में ट्रस्ट अध्यक्ष रामकुमार सिंह ने मंदिर के ऐतिहासिक व आध्यात्मिक महत्व की जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि मंदिर तपस्वी संत श्री रुक्खडन्नाथ स्वामी की तपोभूमि रही है और सालों से आस्था, साधना और सेवा का प्रमुख केंद्र बना हुआ है। अध्यक्ष ने बताया कि मंदिर से जुड़ी अनेक चमत्कारिक घटनाएं प्रचलित हैं। इसी कड़ी में उन्होंने बिलासपुर से आए एक भक्त के साथ घटित चमत्कारिक घटना का उल्लेख



किया, जिसके बाद श्रद्धालुओं की आस्था और अधिक प्रबल हुई है। महोत्सव के दौरान कलश यात्रा, विशाल बाइक रैली, नगर भ्रमण करती भव्य शोभायात्रा, धार्मिक झांकियां और सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी होंगी, जो आयोजन को और भव्य स्वरूप प्रदान करेंगी। आयोजन समिति ने समस्त धर्मप्रेमी बंधुओं, सामाजिक संगठनों व श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर धर्म, साधना, सेवा और जन-जागररण के महोत्सव को सफल बनाने की अपील की है।

### बताई विस्तृत रूपरेखा

ट्रस्ट उपाध्यक्ष भागवत शरण सिंह ने संपूर्ण महोत्सव की विस्तृत जानकारी साझा करते हुए बताया कि महोत्सव के दौरान महामृत्युंजय यज्ञ, दिव्य महारुद्राभिषेक, श्री हनुमंत महाअभिषेक, नाम संकीर्तन, भजन संध्या, गीता सार प्रवचन, धर्म ध्वज वाहक सम्मान सहित कई धार्मिक एवं सांस्कृतिक आयोजन होंगे। 15 फरवरी को महाशिवरात्रि पर रात्रिकालीन प्रहर पूजा व अखंड अभिषेक का आयोजन किया जाएगा, जबकि 16 फरवरी को यज्ञ पूर्णाहुति के साथ विशाल भोग, प्रसादी वितरण व सामाजिक सरोकार से जुड़ा मेगा निशुल्क स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया जाएगा। उपाध्यक्ष श्री सिंह ने बताया कि मेगा स्वास्थ्य शिविर में विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा आम नागरिकों की निशुल्क स्वास्थ्य जांच की जाएगी। शिविर में विशेष रूप से कैंसर की प्रारंभिक जांच निशुल्क होगी, जिससे ग्रामीण सहित जरूरतमंद लोगों को समय रहते स्वास्थ्य परामर्श मिल सकेगा। इस दौरान ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष लाल सागर सिंह, महंत प्रमोद गिरी गोस्वामी, श्रेयांश सिंह, उत्तम दशरिया सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

### दिग्विजय कॉलेज में राष्ट्रीय बालिका दिवस आयोजित



**राजनांदगांव।** शासकीय दिग्विजय स्वशासी स्नातकोत्तर महाविद्यालय राजनांदगांव के समाज कार्य विभाग एवं समाजशास्त्र विभाग के संयुक्त तत्वावधान में राष्ट्रीय बालिका दिवस का आयोजन किया गया। उक्त आयोजन प्राचार्य डॉ. सुचित्रा गुप्ता के निर्देशन तथा समाजशास्त्र विभागाध्यक्ष डॉ. एके मंडावी के मार्गदर्शन में किया गया। बालिका दिवस के उपलक्ष्य में भाषण प्रतियोगिता, कविता पाठ एवं नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। प्राचार्य ने कहा कि राष्ट्रीय बालिका दिवस का उद्देश्य समाज में बालिकाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक बनाना है। बेटियां समाज का आधार स्तंभ है, सृष्टि की सृजन करता है, देश का भविष्य है। विभागाध्यक्ष डॉ. एके मंडावी ने कहा कि आज समाज में विभिन्न स्तर पर सशक्त महिलाएं व बालिकाएं हैं। वहीं दूसरी ओर ऐसी बालिकाएं भी हैं, जो आधारभूत सुविधाओं से वंचित है। शासन द्वारा इस दिशा में समय-समय पर बहुत सी सुविधाओं को बालिकाओं के लिए प्रेषित की गई है, ताकि उन्हें किसी भी प्रकार से कोई असुविधा उत्पन्न ना हो। जिससे उनके व्यक्तित्व का समुचित विकास संभव हो सके। कार्यक्रम में डॉ. एके मंडावी, डॉ. प्रियंका लोहिया, तारणी साहू, चित्रांशा राठौर, शालिनी सोनी व समाज कार्य विभाग के विद्यार्थीगण उपस्थित रहे।



## सार समाचार

### सफल आयोजन पर यादव समाज ने जताया आभार

**राजनांदगांव।** यादव समाज द्वारा म्युनिसिपल स्कूल ग्राउंड में आयोजित प्रथम यादव प्रीमियर लीग क्रिकेट प्रतियोगिता के सफल आयोजन के लिए यादव समाज ने आभार व्यक्त किया है। आईपीएल की तर्ज पर ऑक्शन द्वारा चयनित आठ फ्रेंचाइजी टीमों के मध्य खेले गए लीग कम नॉटक आउट आधारित इस टूर्नामेंट की प्रथम विजेता कान्हा इलेवन बनी। जिसके स्पांसर मन्ना यादव, लक्ष्मण यादव और हरीश यादव हैं। जबकि सुदर्शन इलेवन उपविजेता बनी। जिसके स्पांसर रितेश यादव हैं। अन्य फ्रेंचाइजी टीम और उसके स्पॉसर्स में मधुसूदन इलेवन रिभय यादव, कृष्णा इलेवन लाला यादव, राधे इलेवन अमन यादव, गोपाल इलेवन राधे यादव एवं दुर्गा यादव, श्याम इलेवन दुर्गेश यादव, गोपाल इलेवन से राधेलाल यादव, अभ्यास यादव, दुर्गा यादव और बांकेबिहारी इलेवन राकेश यादव शामिल हैं। महापौर मधुसूदन यादव के संरक्षण में आयोजन को सफल बनाने राकेश यादव एवं उनके साथ उनकी युवा टीम लगातार भिड़ी रही।



### प्रतियोगिता के लिए चार बच्चे चयनित

**राजनांदगांव।** शिक्षा विभाग द्वारा ओपन लिंक्स फाउंडेशन (विनोबा एप्प) के माध्यम से बच्चों के जीवन कौशल के विकास के लिए आयोजित नन्हें सितारे नवाचार कार्यक्रम के अंतर्गत बोलेगा बचपन (कविता) कक्षा 4 एवं 5 में राजनांदगांव ब्लॉक से शासकीय प्राथमिक शाला भोथीपारकला से 3 बच्चे एवं इसी प्रकार बोलेगा बचपन (कहानी) कक्षा 1 से 3 में शासकीय प्राथमिक शाला भोथीपारकला से 1 बच्चा कुल 4 बच्चों का चयन जिला स्तरीय नन्हें सितारे प्रतियोगिता के लिए हुआ है। चयनित बच्चों में तिंजल साहू कक्षा 5वीं, प्रेरणा साहू 5वीं, पायल साहू 4थीं और दिव्यांशी साहू कक्षा 3री का चयन राजनांदगांव ब्लॉक से जिला स्तरीय नन्हें सितारे प्रतियोगिता के लिए हुआ है। जिला स्तरीय प्रतियोगिता डॉ. बल्देव प्रसाद मिश्र स्कूल बसंतपुर राजनांदगांव में 7 फरवरी को आयोजित किया जाएगा।

चयनित बच्चों और उनके परिवार को संकुल समन्वयक प्रदीप मौर्य, संकुल प्राचार्य, सरपंच पुहुपराम साहू, प्रधान पाठक गजाधर साहू, नवाचारी शिक्षक ओमप्रकाश साहू, शाला प्रबंधन एवं विकास समिति अध्यक्ष रूपदास साहू, विष्णु साहू, महेश्वर दास साहू, मोहितराम साहू, नेतराम साहू, देवकरण साहू, खेमलाल साहू, चंपा साहू, जानकी साहू, बबीता साहू, शाला परिवार व शाला प्रबंधन एवं विकास समिति भोथीपारकला ने शुभकामनाएं दी।



### पूर्व पार्षद देंगे धरना, मांगी अनुमति

**राजनांदगांव।** पूर्व पार्षद हेमंत ओस्तवाल ने 17 करोड़ के बूढ़ासागर में भ्रष्टाचार करने और करवाने वाले भ्रष्टाचारियों के खिलाफ एफआईआर नहीं होने के कारण धरने पर बैठने की अनुमति की मांग एसडीएम से की। श्री ओस्तवाल ने एसडीएम से कहा कि आगामी 9 फरवरी को नगर निगम की सामान्य सभा शहर के विकास आदि के निर्णय लेने हेतु होने वाली है। इसी दिन पुराने टाउन हाल और वर्तमान जहां निगम की सामान्य सभा आयोजित होती है, उसी परिसर के बाहर दोपहर 12 से 1.30 बजे तक धरने पर बैठने की अनुमति मांगी। उन्होंने कहा कि शहर में निगम द्वारा 25 अगस्त 2022 को विषय क्रमांक 17 रानीसागर, बूढ़ासागर सौंदर्यीकरण के लगभग 16 करोड़ रुपए को शासन के नियम विरूद्ध कार्य कर जो भ्रष्टाचार किया गया और उस भ्रष्टाचार के मामले में सामान्य सभा में दोनों दलों के जनप्रतिनिधियों द्वारा सर्वसम्मति से एफआईआर दर्ज कराने और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई का निर्णय पारित किया गया था, लेकिन भ्रष्टाचार करने वाले अधिकारियों और ठेकेदारों के खिलाफ आज तक कार्रवाई का खुलासा नहीं हुआ और भ्रष्ट अधिकारियों और ठेकेदारों आदि को बचाने का जो प्रयास आज तक जारी है? वह शासनहित और जनहित में उचित नहीं है, इसलिए जनहित और शासनहित में अकेले धरने पर कुर्सी या जमीन पर बैठने की अनुमति प्रदान की जाए।



### पेंड्री में मंडई मेला महोत्सव का आयोजन आज

**राजनांदगांव।** शहर के पेंड्री वार्ड नं. 20 में मंडई-मेला महोत्सव का आयोजन कल 6 फरवरी को किया जा रहा है। इस वर्ष भी युवा एकता मंडई मेला उत्सव समिति के तत्वावधान में आयोजित मेला महोत्सव में मंडई के आयोजन पश्चात रात्रिकालीन मनोरंजन कार्यक्रम भी आयोजित किया है। समिति अध्यक्ष बंटी सिन्हा, पंकज साहू, उपाध्यक्ष युवराज साहू, गुपेन यादव, मुरारी यादव व नीलकंठ साहू ने बताया कि इस आयोजन में सुप्रसिद्ध लोक गायिका पूनम विराट, दिव्या तिवारी और नीलू यादव के स्वर से सजी रंग छत्तीसा की प्रस्तुति होगी। आयोजन समिति युवा एकता मंडई मेला उत्सव के द्वारिकानाथ बाजपेयी, प्रीतक बाजपेयी, कुलेश्वर ध्रुव, गणेश सुपले, मनीष ध्रुव, ललित साहू सहित ग्रामवासियों ने लोगों से उपस्थित की अपील की है।

### ग्राम खपरीकला में मड़ई 7 को

**राजनांदगांव।** ग्राम खपरी कला में 7 फरवरी को मड़ई मेले का आयोजन किया जा रहा है। वहीं 8 फरवरी को दिन में छत्तीसगढ़ी नाच गोपाल-बलराम निपानी वाले का कार्यक्रम रखा गया है। ग्राम विकास समिति के अध्यक्ष दुलेश्वर साहू, उपाध्यक्ष सुनील रजक, कोषाध्यक्ष नेमलाल साहू, फिलेश सिन्हा, गोविंदा साहू एवं समस्त ग्राम वासियों ने लोगों से अधिक संख्या में उपस्थित होकर मेला का आनंद उठाने अपील की है।

## पृष्ठ 09 का शेष

### फर्जी लेटर के सहारे...

पृष्ठ 09 का शेष

शाखा को जारी किया है। पत्र के साथ-साथ आयोग के सचिव डॉ.ओपी मिश्रा का भी हस्ताक्षर उपलब्ध दस्तावेजों से मेल नहीं खा रहा। मामले में शिक्षा विभाग से मार्गदर्शन और आयोग द्वारा जारी आदेश पत्र को फर्जी पाए जाने पर डीईओ लालजी द्विवेदी ने अपने जिले मे काम करने वाले चारों कर्मचारियों को छग सिविल सेवा नियम 1966 के नियम 10-9 के तहत सेवा से पहले बर्खास्त किया उसके बाद आज थाने मे एफआईआर दर्ज कराया है। डीईओ लालजी द्विवेदी के शिकायत आवेदन पर पुलिस ने धारा 420, 467, 468, 471 और 120 बी का अपराध घटित पाए जाने पर अपराध पंजीबद्ध किया है।

## निधन



### इंदरचंद चोपड़ा

**राजनांदगांव।** सनसिटी निवासी धर्म निष्ठ वरिष्ठ सुश्रावक इंदरचंद चोपड़ा आ.स्व.दीपचंद चोपड़ा का 95 वर्ष की आयु में 5 फरवरी गुरुवार को रात्रि 7 बजे निधन हो गया। अंतिम यात्रा 6 फरवरी को प्रातः 10 बजे सनसिटी से सदर बाजार निवास परिसर के लिए एवं प्रातः 11 बजे सदर बाजार निवास परिसर से लखोली मुक्तिधाम के लिए निकाली जाएगी।

---

### मंत्री गजेन्द्र रजत जयंती कार्यक्रम में हुए शामिल

# प्रदेश में ऊर्जा के क्षेत्र में हुआ सर्वाधिक विकास : शिक्षा मंत्री

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

स्कूल शिक्षा, ग्रामोद्योग एवं विधि-विधायी एवं जिले के प्रभारी मंत्री गजेन्द्र यादव आज गांधी सभागार राजनांदगांव में छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड राजनांदगांव द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य निर्माण के 25 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर आयोजित रजत जयंती कार्यक्रम में शामिल हुए। इस अवसर पर मंत्री गजेन्द्र यादव ने प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना, बीपीएल हितग्राही, कृषि सिंचाई पंप उपभोक्ता, घरेलू उपभोक्ताओं को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।

स्कूल शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव ने कहा कि छत्तीसगढ़ राज्य की स्थापना के 25 वर्ष पूरे हुए हैं। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ राज्य बनने के पश्चात यहां तेजी से विकास हुआ है। ऊर्जा के क्षेत्र में प्रदेश में सर्वाधिक विकास हुआ है। उन्होंने बताया कि अविभाजित छत्तीसगढ़ में लगभग 56 हजार उपभोक्ता प्रदेश में थे। वर्तमान में 8 लाख से अधिक किसान उपभोक्ताओं के पास कृषि पंप है। छत्तीसगढ़ बनने के बाद लोगों के जीवन में विकास हुआ है। छत्तीसगढ़ विद्युत वितरण कंपनी द्वारा गांव-गांव में 8 लाख से अधिक कृषि पंपों की स्थापना की गई है। प्रदेश में अलग-अलग प्रकार के सबमर्सिबल की स्थापना की गई है। उन्होंने कहा कि सर्वाधिक मजरा-टोलो में विद्युत पहुंचाने का कार्य किया गया है।



#### विद्यार्थियों का सम्मान

उन्होंने रजत जयंती के अवसर पर विभिन्न महाविद्यालय और स्कूली विद्यार्थियों द्वारा नारा लेखन, निबंध, भाषण, पोस्टर एवं ओपन चित्रकला प्रतियोगिता में शामिल विद्यार्थियों को सम्मानित किया। इस दौरान कलेक्टर जितेन्द्र यादव उपस्थित थे।

#### विद्युत संबंधी शिकायतों का त्वरित समाधान

स्कूल शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ में एक ऊर्जा का बड़ा केन्द्र स्थापित नया रायपुर में किया जाएगा। जिससे ट्रांसफार्मर का निर्माण सहित विभिन्न विद्युत से संबंधित समस्याओं का समाधान किया जाएगा। उपभोक्ताओं की सुविधा के लिए स्मार्ट मीटर लगाया गया है। जिससे उपभोक्ता एटीपी के माध्यम से भुगतान आसानी कर रहे हैं।

#### सोलर से नहीं आएगा बिजली बिल

उन्होंने कहा कि केन्द्र एवं राज्य शासन द्वारा प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना से सोलर एनर्जी का उपयोग करने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। घरों में सोलर पैनल लगाने के लिए सब्सिडी प्रदान कर रही है। सोलर पैनल लगाने से घर में बिजली बिल नहीं आएगा। उन्होंने शासन की योजनाओं से अधिक से अधिक लाभ लेने कहा। कार्यपालन निदेशक शिरीष सेलट ने छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य निर्माण से अब तक के कार्यों के संबंध में विस्तृत जानकारी दी।

---

### विद्यार्थियों ने किया दुग्ध संयंत्र का शैक्षिक भ्रमण



**राजनांदगांव।** रस्तोगी महाविद्यालय द्वारा प्रथम सेमेस्टर सत्र 2025-26 के विद्यार्थियों के लिए सिलेबस आधारित शैक्षिक भ्रमण का आयोजन सोमवार को कुम्हारी स्थित देवभोग दुग्ध संयंत्र में संपन्न हुआ। भ्रमण का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को दूध के संग्रहण, परीक्षण, प्रसंस्करण एवं पैकेजिंग की प्रक्रिया की व्यवहारिक जानकारी देना था।

भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों को दूध संग्रहण केंद्र दिखाया गया, जहां दूध की गुणवत्ता की जांच की जाती है। इसके पश्चात दूध को ठंडा करने, शुद्धिकरण तथा स्वचालित मशीनों द्वारा पैकेजिंग की प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी दी गई। संयंत्र अधिकारियों ने बताया कि दूध को बैक्टीरिया.मुक्त और सुरक्षित रखने स्वच्छता के कड़े मानकों का पालन किया जाता है। संयंत्र में कार्यरत कर्मचारियों द्वारा सुरक्षा नियमों का पालन किया जा रहा था। जिसमें दस्ताने, टोपी और मास्क का उपयोग शामिल था। इससे विद्यार्थियों को औद्योगिक सुरक्षा और स्वच्छता के महत्व को समझने का अवसर मिला। शैक्षिक भ्रमण से विद्यार्थियों को डेयरी उद्योग की कार्यप्रणाली को नजदीक से देखने और समझने का अनुभव प्राप्त हुआ।

---

# पदयात्रा से ग्रामीण अंचल में जागरूकता

- कुमरदा ब्लॉक में निकाली गई मनरेगा बचाओ संग्राम पदयात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष दीपक बैज के आह्वान पर और जिला अध्यक्ष विपिन यादव के निर्देश पर कुमर्दा ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने "मनरेगा बचाओ संग्राम" कार्यक्रम के तहत जन-जागरूकता पदयात्रा आयोजित की। पदयात्रा ग्राम उमरवाही में महात्मा गांधी की मूर्ति पर माल्यार्पण के साथ प्रारंभ हुई और लगभग 6 किमी तय कर ग्राम गिदर्री में आमसभा के साथ समाप्त हुई। इस यात्रा में 82 वर्षीय नम्मू सहित कई वरिष्ठ ग्रामीणजन भी शामिल हुए। जिनका जिला अध्यक्ष विपिन यादव ने स्वागत एवं सम्मान किया।

पदयात्रा में अब्दुल खान, रामाधार साहू, रमाधीन रावटे, भागी राणा, चरण यादव, संतोष, केवल, मोहित, कोमल मंडावी, रतन साहू, लोकनाथ चौरे, केवलराम पटेल, जितेंद्र पटेल, किशोर, मिथलेश ठाकुर, बिझवार मंडावी, पुनाराम निर्मल साहू, भागी, मुरारी, राजकुमार, रामगुलाल धावडे, कुशल, जगदीश बघेल, राकेश बारले, गोपी समेत अन्य कार्यकर्ता, ग्रामीणजन और श्रमिक उपस्थित थे।





#### कांग्रेस मनरेगा रक्षा के लिए जारी रखेगी संघर्ष

जिला अध्यक्ष विपिन यादव ने कहा कि भाजपा ने मनरेगा में काम की कानूनी गारंटी समाप्त करना, भत्तों के प्रावधान खत्म करना, राज्यों पर 40 प्रतिशत आर्थिक बोझ डालना और ग्राम पंचायत की भूमिका को कम करना जैसी मजदूर-विरोधी नीतियां अपनाई है। कांग्रेस श्रमिकों और मनरेगा की रक्षा के लिए संघर्ष जारी रखेगी। विधायक भोलाराम साहू ने कहा कि कांग्रेस की मनरेगा योजना में किए संशोधनों से बेरोजगारी बढ़ेगी और श्रमिकों को आर्थिक नुकसान होगा। पूर्व विधायक छन्नी साहू ने इसे ग्रामीण अर्थव्यवस्था पर हमला बताया। जबकि महामंत्री राहुल तिवारी ने मजदूरों के हित में आवाज उठाने का संकल्प जताया। आमसभा को वीरेंद्र बोरकर, राजकुमारी सिन्हा, कांति भंडारी और अंजलि धावडे ने भी संबोधित किया। ब्लॉक

---

# जिला क्रिकेट एसो. की शानदार जीत

**राजनांदगांव।** दिग्विजय स्टेडियम राजनांदगांव में छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ द्वारा संचालित अंतर जिला क्रिकेट प्रतियोगिता (सीनियर वर्ग) के ग्रुप 'ए' के पहले तीन दिवसीय मुकाबले में जिला क्रिकेट एसोसिएशन राजनांदगांव ने शानदार प्रदर्शन करते जिला क्रिकेट एसोसिएशन नारायणपुर को एक पारी एवं 121 रन के बड़े अंतर से पराजित कर बोनस अंक सहित कुल सात अंक अर्जित किए।





#### नारायणपुर की पहली पारी 181 रन पर सिमटी

टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी नारायणपुर की टीम राजनांदगांव के फिरकी आक्रमण के सामने टिक नहीं सकी और पूरी टीम 181 रन पर ऑलआउट हो गई। राजनांदगांव की ओर से कप्तान रोहन टांक ने शानदार गेंदबाजी करते 50 रन देकर 4 विकेट झटके। जबकि अर्शदीप भाटिया ने किफायती गेंदबाजी करते मात्र 24 रन देकर 3 विकेट हासिल किए।

#### घोषित की 498 रन की पारी

पहली पारी में बढ़त हासिल करने के बाद राजनांदगांव ने बल्लेबाजी में भी दबदबा बनाया और 8 विकेट पर 498 रनों का विशाल स्कोर खड़ा कर पारी घोषित कर दी। टीम के लिए उपेंद्र मरकाम (114 रन) और युक्तिज्ञ प्रसाद वर्मा (नाबाद 100 रन) ने अपने पहले ही मैच में शानदार शतक जड़कर सबका ध्यान आकर्षित किया।

#### आगामी मुकाबले

दिग्विजय स्टेडियम में अगला मुकाबला 6 फरवरी से नारायणपुर और जशपुर की टीमों के बीच खेला जाएगा। वहीं जिला क्रिकेट एसोसिएशन राजनांदगांव का अगला मैच 10 फरवरी से इसी मैदान पर जिला जशपुर के विरुद्ध तीन दिवसीय होगा। उक्त जानकारी खेल मीडिया प्रभारी लक्ष्मण लोहिया ने दी।

---

# महापौर के हाथों खिलाड़ी हुए पुरस्कृत

- यूथ क्लब ने जीता खिताब

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

जिला हॉकी संघ राजनांदगांव और सीनियर मॉर्निंग ग्रुप के संयुक्त तत्वावधान में स्व. एआर देवांगन स्मृति 7-ए साइड हॉकी प्रतियोगिता फाइनल मैच व समापन समारोह महापौर मधुसूदन यादव के मुख्य आतिथ्य में उत्तर मंडल अध्यक्ष सुमित भाटिया, दक्षिण मंडल अध्यक्ष प्रशांत गुप्ता समेत प्रखर श्रीवास्तव, हेतल भोजानी, फिरोज अंसारी के विशिष्ट आतिथ्य में संपन्न हुआ।

अंतर्राष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम में 28 जनवरी से खेली जा रही स्व. एआर देवांगन स्मृति हॉकी प्रतियोगिता का मंगलवार को फाइनल मैच में यूथ क्लब ने एमसी इलेवन को 4-1 गोल से पराजित कर फाइनल का खिताब अपने नाम किया। पुरस्कार वितरण करते महापौर मधुसूदन यादव ने कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिता का आयोजन अत्यंत हर्ष का विषय है।



फाइनल मैच में यूथ क्लब ने एमसी इलेवन को पेनल्टी स्ट्रोक में 4-1 गोल से पराजित किया। प्रतियोगिता में व्यक्तिगत पुरस्कार भी प्रदान की गई। जिसमें बेस्ट फॉरवर्ड विवेक यादव, (यूथ क्लब) बेस्ट फुल बैक आदित्य मेश्राम, (यूथ क्लब) बेस्ट गोल कीपर दक्ष चौबे (यूथ क्लब) को साथ ही मैन ऑफ द मैच दुर्गेश नागपुरे (एमसी इलेवन) को प्रदान किया।

फाइनल के पूर्व बालिका वर्ग का भी प्रदर्शन मैच खेला गया। जिसमें साई सेंटर राजनांदगांव ने 2-0 गोल से खेलो इंडिया राजनांदगांव को पराजित किया। बालिका वर्ग विजेता व उपविजेता टीम को अजय बंधेश्वर और सारिका बंधेश्वर द्वारा विशाल ट्रॉफ़ी प्रदान की गई। आज के मैच में खेमराज सिन्हा, सुखदेव, कृष्ण यादव, योगेश द्विवेदी, सचिन खोबरागड़े ने निर्णायक की भूमिका निभाई। कार्यक्रम का संचालन विकास वैष्णव और भूषण साव ने आभार व्यक्त किया।

---

# स्कूल परिसर में संचालित चर्च को बंद कराने सौंपा ज्ञापन

**राजनांदगांव।** हिंदू जागरण मंच राजनांदगांव द्वारा वाइडनियर स्कूल परिसर में संचालित चर्च को बंद कराने की मांग को लेकर कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपा गया। मंच पदाधिकारियों ने आरोप लगाया कि लालबाग स्थित राजगामी संपदा की लगभग 5 एकड़ भूमि शासन द्वारा विद्यालय संचालन के उद्देश्य से आवंटित की गई थी, किंतु वहां शर्तों के विपरीत भव्य चर्च का निर्माण कर उसका उपयोग अन्य गतिविधियों के लिए किया जा रहा है।

ज्ञापन में हिंदू जागरण मंच ने आरोप लगाया कि उक्त परिसर में हिंदू समाज के विरुद्ध मतांतरण एवं धर्मांतरण जैसी गतिविधियां संचालित की जा रही है, जो भूमि आवंटन की शर्तों का स्पष्ट उल्लंघन है। मंच का कहना है कि यह न केवल गैरकानूनी है, बल्कि सामाजिक सौहार्द्र को प्रभावित करने वाला भी है।

मंच ने प्रशासन से मांग की कि इस पूरे प्रकरण की निष्पक्ष एवं विस्तृत जांच कराई जाए, यह स्पष्ट किया जाए कि भूमि किन शर्तों पर दी गई थी और क्या उन शर्तों का उल्लंघन हुआ है। यदि जांच में उल्लंघन पाया जाता है तो अवैध निर्माण को तत्काल ध्वस्त किया जाए, चर्च को बंद कराया जाए तथा नियमानुसार दी गई संपत्ति को वापस लेने की कार्रवाई की जाए।



हिंदू जागरण मंच ने आग्रह किया कि क्षेत्र में किसी भी प्रकार की हिंदू विरोधी गतिविधियों पर तत्काल रोक लगाई जाए तथा कानून के तहत सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। प्रशासन से मामले में शीघ्र निर्णय लेकर जनभावनाओं का सम्मान करने की मांग की गई। इस अवसर पर हिंदू जागरण मंच के कार्यकर्ता सुशील लड्ढा, सविता बोस, प्रवीण शर्मा, प्रभात गुप्ता राजा, जुगल गुप्ता, हरीश भानुशाली, महेंद्र जघेल, कुबेर साहू, गोविंद साहू, रिंकू तिवारी, आशीष तिवारी, मुकेश सोनी, रोहित यादव, कमलेश साहू, राज सोनकर, मनोज गोलछा, मौसमी शर्मा, राजबहादुर सिंह, दिनेश झूलन, हिटू व्यास, हेमलाल ढीमर, टिंकू सोनी, राकेश कालू सेन एवं अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

---

### चाय वाले बाबा का लगा दिव्य दरबार

# भागवत कथा में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



शहर के लेबर कालोनी वार्ड में आयोजित की जा रही श्रीमद् भागवत कथा को सुनने रोजाना सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालुगण पहुंच रहे। भागवत कथा का कल 6 फरवरी को अंतिम दिवस होगा। जिसमें तुलसी वर्षा एवं हवन- पूजन का कार्यक्रम संपन्न किया जाएगा।

छत्तीसगढ़ के प्रसिद्ध कथावाचक आचार्य नरेंद्र नयन शास्त्री (सिलयारी रायपुर) द्वारा गत 29 जनवरी से राजनांदगांव के लेबर कालोनी वार्ड में संतोष पिल्ले परिवार द्वारा कराई जा रही भागवत कथा में अपने श्री वचनों से श्रद्धालुओं को भागवत कथा का रसपान करा रहे है। आचार्य श्री शास्त्री को पूरे छत्तीसगढ़ में चाय वाले बाबा के नाम से भी पहचाना जाता है। श्री शास्त्री ने भागवत कथा के माध्यम से श्रद्धालुओं को बताया कि हम अपने संस्कारों से दूर होते जा रहे है। खासकर युवा पीढ़ी जो अब डिजीटल युग की ओर बढ़ रही है, उनके माता-पिता और परिजनों को आगे आकर युवा पीढ़ी को अपने संस्कारों से जोड़ते हुए धर्म के कार्यों में आगे लाने की जरूरत है। कथा के माध्यम से श्री शास्त्री ने कहा कि जिस प्रकार से राम मंदिर को बनाने स्वस्फूर्त उद्योगपतियों से लेकर हर वर्ग के लोगों ने अपनी स्वेच्छा से मंदिर निर्माण के साथ-साथ सनातन धर्म को आगे बढ़ाने का कार्य किया है, वैसे ही हमें अपनी संस्कृति को बढ़ाने स्वस्फूर्त आगे आना होगा। भागवत गीता में श्रीकृष्ण ने कहा कि फल की चिंता मत करो, अपने कर्म अच्छे करते हो, फल भी अच्छा ही मिलेगा। ठीक उसी प्रकार लोगों को अपने जीवन में अच्छे कर्म करने चाहिए, कर्म अच्छा होगा तो फल भी अच्छा ही मिलेगा।

#### दरबार में पहुंचे सैकड़ों श्रद्धालु

श्रीमद् भागवत कथा को सुनने आए सैकड़ों श्रद्धालुओं के लिए चाय वाले बाबा के नाम से पहचाने जाने वाले आचार्य श्री नरेन्द्र नयन शास्त्री द्वारा दिव्य दरबार 29 जनवरी से अनवरत 9 बजे से 12 बजे तक लगाया जा रहा है, जो 5 फरवरी तक लगाया गया। दिव्य दरबार में सैकड़ों की संख्या में पहुंच रहे श्रद्धालु अपनी मनोइच्छा और कठिनाईयों के बारे में आचार्य श्री शास्त्री से जानने का प्रयास कर रहे है। जिसका परचा बनाकर श्री शास्त्री द्वारा समाधान करने का प्रयास किया जाता है। जिससे श्रद्धालु प्रफुल्लित हो रहे हैं। श्री शास्त्री द्वारा 7 एवं 8 फरवरी को सिलयारीधाम रायपुर में अनुष्ठान, पाठ और निवारण का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना है।



**खबर संक्षेप**

## बजट-2026 के क्रांतिकारी निर्णय का तान्या मरावी ने किया सहर्ष स्वागत



**हरिभूमि कोलेगांव।** केंद्र सरकार द्वारा प्रस्तुत बजट-2026 में देश के प्रत्येक जिले में कन्या छात्रावास की घोषणा को लेकर कबीरधाम जिले की आदिवासी बेटियों में हर्ष का माहौल है। इस ऐतिहासिक निर्णय का तान्या मरावी ने सहर्ष स्वागत करते हुए वृत्तमंत्री श्रीमती सीतारमण व प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होने कहा कि यह निर्णय आदिवासी क्षेत्रों की बेटियों के लिए एक मील का पत्थर साबित होगा। उन्होंने कहा कि कबीरधाम जैसे आदिवासी बहुल जिलों में बेटियों को उच्च शिक्षा एवं तकनीकी शिक्षा एसटीईएम प्राप्त करने में सुरक्षित आवास और भोजन की सबसे बड़ी चिंता रहती थी। अब आधुनिक गर्ल्स हॉस्टल की सुविधा मिलने से ग्रामीण क्षेत्र की बेटियां बिना किसी बाधा के अपनी पढ़ाई जारी रख सकेंगी। तान्या मरावी ने कहा कि यह निर्णय बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ के संकल्प को जमीन पर उतारने वाला है और बेटियों के भविष्य को सुरक्षित एवं उज्जवल बनाने की दिशा में एक मजबूत कदम है। इस अवसर पर भोरमदेव आदिवासी चितेरे फाउंडेशन की समस्त बहनों की ओर से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रति आभार व्यक्त किया गया।

### अवैध धान परिवहन पर कबीरधाम पुलिस की बड़ी कार्रवाई

# 25 क्विंटल धान व पिकअप जब्त दो आरोपी पुलिस के हिरासत में

हरिभूमि न्यूज ▶▶रेंगाखार-झलमला

कबीरधाम जिले में अवैध धान परिवहन पर रोक लगाने के लिए पुलिस द्वारा लगातार सघन अभियान च लाया जा रहा है। इसी अभियान के तहत थाना झलमला पुलिस ने अवैध धान परिवहन के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही करते हुए 25 क्विंटल धान सहित एक पिकअप वाहन जप्त किया है। इस कार्यवाही में दो आरोपियों को मौके से गिरफ्तार गया है। जिसमें पुलिस अधीक्षक धर्मेन्द्र सिंह, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पुष्पेन्द्र बघेल एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अमित पटेल के मार्गदर्शन तथा अनुविभागीय अधिकारी पुलिस संजय ध्रुव के निर्देशानुसार की गई।

जिले में अवैध गतिविधियों के विरुद्ध सख्ती बरतने के निर्देश के बाद सभी थाना क्षेत्रों में निगरानी बढ़ा दी गई है। थाना प्रभारी झलमला निरीक्षक जे.एल. शांडिल्य एवं उनकी टीम द्वारा 04 फरवरी को नियमित पेट्रोलिंग के दौरान मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि एक पिकअप वाहन में अवैध रूप से धान का परिवहन किया जा रहा है। सूचना पर त्वरित कार्यवाही करते हुए पिकअप वाहन क्रमांक सीजी 04 सीजी 4882 को रोका गया। वाहन की जांच के दौरान उसमें 70 बोरी धान, कुल लगभग 25 क्विंटल पाया गया। वाहन में सवार व्यक्तियों की पहचान निखिल अग्रवाल पिता ब्रम्हानंद अग्रवाल आयु 22 वर्ष निवासी ग्राम रेंगाखार एवं मानिकराम यादव पिता प्रेमलाल यादव आयु 43 वर्ष निवासी ग्राम चिल्फी के रूप में हुई। पूछताछ के दौरान दोनों आरोपी धान परिवहन से संबंधित कोई भी वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सके। मौके पर जप्त किए गए धान की अनुमानित कीमत 77,500 रूपए तथा पिकअप वाहन की अनुमानित कीमत 2,00,000 रूपए आंकी गई है। इस प्रकार जप्त मशरुका की कुल कीमत 2,77,500 रुपए है।

**कार्रवाई कर आरोपियों को जेल भेजा गया**



अवैध धान परिवहन के संबंध में थाना झलमला में इस्तगाशा क्रमांक 01/2026, धारा 106 बीएनएसएस के अंतर्गत कार्यवाही की गई है। जप्तशुदा धान एवं वाहन को अग्रिम वैधानिक कार्यवाही हेतु एसडीएम न्यायालय बोड़ला में प्रस्तुत किया जा रहा है। पुलिस प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि जिले में अवैध धान खरीदी एवं परिवहन करने वालों के विरुद्ध आगे भी इसी प्रकार कठोर कार्यवाही जारी रहेगी।



# आयुष्मान आरोग्य मंदिर सिंघनगढ़ को प्रदेश में मिला दूसरा स्थान

- स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया।

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

जिले के विकासखंड सहसपुर लोहारा अंतर्गत संचालित आयुष्मान आरोग्य मंदिर सिंघनगढ़ ने अपनी उत्कृष्ट सेवाओं और बेहतर स्वास्थ्य प्रबंधन के लिए प्रदेश स्तर पर महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। कायाकल्प आयुष 2024 के तहत स्वच्छता, सुव्यवस्था और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाओं के लिए राज्य में द्वितीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने रायपुर में आयोजित कार्यक्रम में आयुष्मान आरोग्य मंदिर सिंघनगढ़ पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया। कलेक्टर गोपाल वर्मा ने कायाकल्प आयुष 2024 के तहत 1172 संस्थाओं को पछाड़कर दूसरा स्थान प्राप्त करने वाले आयुष्मान आरोग्य मंदिर सिंघनगढ़ की पूरी टीम को शुभकामनाएं दी हैं। कलेक्टर श्री वर्मा ने कहा कि यह उपलब्धि स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में टीम की प्रतिबद्धता, अनुशासन और समर्पण का परिणाम है। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार से आयुष्मान आरोग्य मंदिर सिंघनगढ़ ने स्वच्छता, सुव्यवस्थित व्यवस्था, मरीजों के प्रति संवेदनशील व्यवहार और गुणवत्तापूर्ण आयुष सेवाओं का उत्कृष्ट मॉडल प्रस्तुत किया है, वह पूरे जिले के लिए गर्व की बात है। उन्होंने कहा कि कायाकल्प आयुष का उद्देश्य संस्थान की कार्यप्रणाली, रोगी संतुष्टि, औषधि उपलब्धता, उपचार की गुणवत्ता और समग्र स्वास्थ्य वातावरण को बेहतर बनाना है। सिंघनगढ़ की टीम ने इन सभी मानकों पर बेहतरीन प्रदर्शन कर यह सिद्ध बताया है कि ग्रामीण क्षेत्रों में भी उत्कृष्ट स्वास्थ्य सेवाएं दी जा सकती हैं। कलेक्टर श्री वर्मा ने चिकित्सा अधिकारियों, आयुष चिकित्सकों, फार्मासिस्ट, नर्सिंग स्टाफ एवं सहयोगी कर्मचारियों की सराहना करते हुए कहा कि यह सफलता पूरी टीमवर्क का परिणाम है। जिला आयुष अधिकारी डॉ संजय श्रीवास्तव ने बताया कि कलेक्टर गोपाल वर्मा के मार्गदर्शन में स्वच्छ वातावरण, सुव्यवस्थित व्यवस्था, बेहतर उपचार सुविधाएं और मरीजों के प्रति संवेदनशील व्यवहार के कारण आयुष्मान आरोग्य मंदिर सिंघनगढ़ केंद्र निरंतर लोगों का विश्वास जीत रहा है। केंद्र में कार्यरत चिकित्सकों और कर्मचारियों प्रभारी डॉ निर्मला पटेल, फार्मेसिस्टि आयुर्वेद विद्यासिंह धुर्वे और डॉ प्रीति उइके की टीम भावना, नवाचार और सेवा भाव के चलते यह उपलब्धि संभव हो पाई है। इस सम्मान से कर्मचारियों का उत्साह और बढ़ा है तथा भविष्य में और अधिक बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने के लिए नई प्रेरणा मिली है।

## क्षेत्र के ग्रामीण किसान अरहर की कटाई में जुटें



**हरिभूमि बरबसपुर।** ग्रामीण क्षेत्रों में इन दिनों कृषि कार्य जोर-शोर से चल रहा है। ग्रामीणों से मिली जानकारी क्षेत्र के ग्रामीण किसानों की खेतों में अरहर की फसल पूरी तरह परिपक्व होकर तैयार हो चुके है। वहीं किसानों द्वारा अरहर फसल की कटाई कार्य जोर शोर से किया जा रहा है, कटाई के बाद किसान फसल को सिर या ट्रैक्टर के माध्यम से घर तक लाकर सुखा रहे हैं। ताकि किसानों की आर्थिक लाभ मिल सकें। जिसमें ग्राम बरबसपुर, हरिनछपरा, नाऊडीह, दौजरी, जेवडन खुर्द, बांझीमौहा, सारंगपुर खुर्द, डबराभाट, सिंघनपुरी सहित आसपास के अन्य ग्रामीण क्षेत्र में अरहर फसल की कटाई कार्य जोरों पर है। बताया जाता है कि वर्तमान में अरहर का बाजार भाव प्रति क्विंटल लगभग 6000 से 7000 रुपए है। वहीं गांव-गांव में दाल कोचियों द्वारा अरहर की दाल 100 रुपए प्रति किलो ग्राम की दर से बेची जा रही है, जबकि दुकानों में इसका मूल्य 100 से 130 रुपए प्रति किलो ग्राम तक है। किसानों का कहना है कि इस वर्ष अरहर की पैदावार व अपेक्षाकृत कम हुई है, जिसके कारण बाजार में इसके दाम बने हुए हैं।

# कोलेगांव-अमलीमालगी पीएम सड़क जर्जर

हरिभूमि न्यूज ▶▶कोलेगांव



विकासखंड पंडरिया अंतर्गत ग्राम कोलेगांव से अमलीमालगी तक बनी लगभग डेढ़ किलोमीटर लंबी प्रधानमंत्री सड़क की हालत बेहद खराब हो चुकी है। सड़क जगह-जगह से डामर उखड़ने के कारण गहरे गड्ढों में तब्दील हो गई है, जिससे राहगीरों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। मिली जानकारी के अनुसार प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत बनी इस सड़क पर 5 वर्षो तक ठेकेदार की गारंटी रहती है, लेकिन वर्तमान स्थिति में गारंटी अवधि के भीतर भी मरम्मत कार्य होता नजर नहीं आ रहा। नियमों के अनुसार सड़क निर्माण के एक वर्ष के भीतर आवश्यक मरम्मत कार्य कर दिया जाना चाहिए, लेकिन ठेकेदारों द्वारा इस ओर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि सड़क की स्थिति दिन-प्रतिदिन खराब होती जा रही है। छोटे-छोटे गड्ढों की मरम्मत को भी ठेकेदार द्वारा दरकिनार कर दिया जाता है। ग्रामीणों द्वारा कई बार शिकवा-शिकायत और आवाज उठाने के बाद ही कभी-कभार संज्ञान लिया जाता है, अन्यथा सड़क भगवान भरोसे छोड़ दी जाती है। यदि ठेकेदार की गारंटी अवधि समाप्त हो चुकी है, तो ग्रामीणों ने शासन से मांग की है कि जल्द से जल्द इस सड़क के पुनर्निर्माण अथवा मरम्मत हेतु स्वीकृत राशि जारी की जाए, ताकि सड़क को फिर से उपयोग योग्य बनाया जा सके। जिस पर ग्रामीणों एवं राहगीरों ने शासन प्रशासन मांग कर जर्जर व बदहाल हो चुकी प्रधानमंत्री सड़क पर गिट्टी बदलकर और मरम्मत का कार्य शीघ्र कराया जाए, ताकि आवागमन सुचारु हो सके और लोगों को दुर्घटनाओं व परेशानियों से राहत मिल सके।

## उल्लेखनीय कार्य के लिए शिक्षक पूनाराम पनागर हुए सम्मानित



**हरिभूमि कवर्धा।** संत शिरोमणि रविदास की 649वीं जयंती समारोह के अवसर पर समाज को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में किए गए सराहनीय कार्यों के लिए शिक्षक पूनाराम पनागर को सम्मानित किया गया। समाज के सहयोग से समाजोपयोगी टेंट सामग्री क्रय कर उसे सार्वजनिक उपयोग हेतु उपलब्ध कराने की पहल से समाज को निरंतर लाभ मिल रहा है। इस पहल को सामाजिक सशक्तिकरण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विजय शर्मा उपमुख्यमंत्री ने अपने कर कमलों से शिक्षक पूनाराम पनागर को सम्मान प्रदान किया। सम्मान समारोह में उनके शैक्षिक और सामाजिक योगदान की मुक्तकंठ से सराहना की गई। उल्लेखनीय है कि शिक्षक पूनाराम पनागर पिछले 16 वर्षो से अपने कर्मक्षेत्र में सभी वर्गो के बच्चों को निःशुल्क ट्यूशन प्रदान कर रहे हैं। उनकी सेवाभावी छवि के कारण वे स्थानीय स्तर पर सेलून वाले और गेड़ी वाले गुरुजी के नाम से भी लोकप्रिय हैं। शिक्षा के साथ-साथ सामाजिक समरसता और सहयोग की भावना को बढ़ावा देने में उनका योगदान प्रेरणादायी माना जा रहा है। समारोह के दौरान महामहिम राज्यपाल द्वारा पूर्व में पुरस्कृत समाज के दो अन्य शिक्षकों कमलेश लांझी एवं लक्ष्मण बांधकर को भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में समाज के गणमान्य नागरिक, जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित थें, सभी ने समाजहित में किए जा रहे प्रयासों को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया।

## श्री अखंड नवधा रामायण में मां नर्मदा मानस मंडली ने पैलपार में दी संगीतमय प्रस्तुति

हरिभूमि न्यूज ▶▶स/लोहारा



सहसपुर लोहारा। विकासखंड सहसपुर लोहारा अंतर्गत ग्राम पैलपार में आयोजित श्री अखंड नवधा रामायण कार्यक्रम में मां नर्मदा मानस मंडली ग्राम नेउरगांव खुर्द द्वारा प्रस्तुत संगीतमय रामकथा एवं भक्ति गीतों ने श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। श्री अखंड नवधा रामायण कि चौपाइयों व भजनों की शानदार मधुर प्रस्तुति पर श्रोतागण मंत्रमुग्ध हो उठे, जिससे पूरा वातावरण भक्तिरस से सराबोर हो गया। आयोजकों ने बताया कि ऐसे धार्मिक एवं सांस्कृतिक आयोजनों से समाज में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है तथा नैतिक मूल्यों को मजबूती मिलती है। कार्यक्रम के समापन अवसर पर श्री अखंड नवधा रामायण समिति के संचालक लालाराम साहू एवं अध्यक्ष सुखनंदन सिन्हा, सदस्य छेदीलाल सेन, संतोष सिन्हा, सागर सिन्हा एवं गणेश निर्मलकर सहित अन्य गणमान्य अतिथियों ने मानस मंडली के सदस्यों को श्रीफल एवं गमछा भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर मंडली के संचालक एवं टीकाकार चिंता राम चंद्रवंशी, रघुनाथ वर्मा, पंचराम वर्मा, मंतर चंद्रवंशी सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु गण उपस्थित थें।

## प्रत्येक परिवार को मिलेगा 125 दिनों का रोजगार

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

प्रत्येक पंजीकृत ग्रामीण परिवारों को 125 दिनों का रोजगार, प्रति सप्ताह मजदूरी भुगतान, पारदर्शिता और जवाब देही के लिए बायोमेट्रिक एवं ऑनलाइन अटेंडेंस, ग्रामीणों द्वारा अपने गांव के लिए कार्यो की पहचान सहित ग्रामीण क्षेत्रों में होने वाले अधोसंरचना विकास और आजीविका संवर्धन जैसे प्रमुख बदलाव के विषय में ग्रामीणों को विकसित भारत गारंटी फॉर रोजगार एंड आजीविका मिशन ग्रामीण की जानकारियां दी जा रही है। उल्लेखनीय है कि 1 अप्रैल 2026 से विकसित भारत गारंटी फॉर रोजगार एंड आजीविका मिशन ग्रामीण महात्मा गांधी नरेगा योजना के स्थान पर परस्थापित होगा।

## तरेगांव जंगल में रजत जयंती समारोह संपन्न



**हरिभूमि कवर्धा।** वितरण केंद्र तरेगांव जंगल क्षेत्र के पंचायत भवन तरेगांव जंगल में गत दिनों 03 फरवरी को रजत जयंती समारोह 2025-26 का आयोजन हर्षोल्लास एवं गरिमामय वातावरण में सफलता पूर्वक संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, विद्युत विभाग के अधिकारियों-कर्मचारियों एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण जन उपस्थित थें। समारोह की मुख्य अतिथि नोहर राम धुर्वे, विशेष अतिथि मिल्खा पोर्ते व विद्युत विभाग उपसंभाग बोड़ला से सुनील कंवर, सहायक अभियंता एवं वितरण केंद्र तरेगांव जंगल से कनिष्ठ अभियंता तामेश्वर बारले एवं समस्त लाइन स्टाफ की उपस्थित थें। कार्यक्रम में विभिन्न श्रेणियों से जुड़े लगभग 20 लाभार्थियों को अतिथियों द्वारा प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। समारोह के दौरान अतिथियों एवं विभागीय अधिकारियों ने शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी विस्तार से दी। विशेष रूप से पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना पर प्रकाश डालते हुए ग्रामीणों को इस योजना से जोड़ने सौर ऊर्जा अपनाने एवं आर्थिक लाभ लेने के लिए जागरूक किया गया।

# राष्ट्रीय स्तरीय सॉफ्टबॉल प्रतियोगिता में जिले के तीन खिलाड़ियों का चयन

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा



फेडरेशन ऑफ इंडिया के तत्वाधान में 69वीं शालेय राष्ट्रीय स्तरीय सॉफ्टबॉल जूनियर बालक-बालिका वर्ग प्रतियोगिता का आयोजन बिलासपुर छत्तीसगढ़ में 04 से 08 फरवरी तक आयोजित होने जा रहा है, जिसमे छत्तीसगढ़ की बालक एवं बालिका दोनों वर्गो की टीम सम्मिलित हो रही है, जिसके लिए छत्तीसगढ़ के बालक टीम में नगर के प्रयास स्पोर्ट्स अकेडमी कवर्धा से सोहम सिंह राजपूत, शुभम सेन एवं बालिका वर्ग में पूजा चंद्रवंशी का चयन हुआ है साथ ही कोच दिनेश वर्गीस एवं मृत्युंजय शर्मा को नियुक्त किया गया है। अकेडमी के प्रशिक्षक राजा जोशी ने बताया कि इन खिलाड़ियों का चयन सितम्बर माह में कवर्धा में आयोजित हुए राज्य स्तरीय सॉफ्टबॉल जूनियर वर्ग प्रतियोगिता में दुर्ग जोन के द्वारा बालक एवं बालिका दोनों वर्गो में स्वर्ण पदक लगाया गया था, जिनमें इन तीनों खिलाड़ियों का प्रदर्शन उत्कृष्ट रहा था। जिसके आधार पर इनका चयन राष्ट्रीय प्रतियोगिता हेतु किया गया है जो जिले के लिए गौरव की बात है जो अब बिलासपुर में आयोजित हो रहे, जूनियर सॉफ्टबॉल राष्ट्रीय प्रतियोगिता में पदक लगाकर प्रदेश व जिले का नाम रौशन करेंगे। वहीं अकेडमी के तीन खिलाड़ियों का राष्ट्रीय स्तरीय सॉफ्टबॉल जूनियर वर्ग प्रतियोगिता में चयनित होने के अवसर पर नपाध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी, एकेडमी अध्यक्ष गणेश तिवारी, कलेक्टर गोपाल वर्मा, अकेडमी के संस्थापक राजा पीयूष टाटिया, क्रीड़ा अधिकारी संदीप ग्वालिकर, अशोका पब्लिक स्कूल के चेयरमैन पवन देवांगन, व्यायाम शिक्षक दिनेश साहू, वरिष्ट समाज सेवी अतुल देशलहरा, श्याम चकोर एवं समस्त खिलाड़ियों ने बधाई दिए व उनकी उज्जवल भविष्य की मनोकामना दी।

### आसपास क्षेत्र के भक्तजनों व ग्रामीणों में भारी भक्तिमय का माहौल

# कोलेगांव में नौ दिवसीय श्री रुद्र महायज्ञ का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶कोलेगांव



विकासखंड पंडरिया अंतर्गत ग्राम कोलेगांव में आयोजित 3 से 11 फरवरी तक श्री रुद्र महायज्ञ से कोलेगांव सहित आसपास के क्षेत्र में भक्तिमय का वातावरण बना हुआ है। वहीं क्षेत्र के ग्रामीण भक्तजन बड़ी संख्या में श्री रूद्र महायज्ञ में शामिल होकर कथा रसपान कर रहे है। मान्यता है कि जहां यज्ञ होता है, वहां 33 कोटि देवी-देवताओं का वास होता है। इसी श्रद्धा के साथ ग्रामवासी अपने परिवार एवं गांव की सुख-शांति और समृद्धि की कामना करते हुए यज्ञ की परिक्रमा कर रहे हैं। आसपास के ग्रामीण भी बड़ी संख्या में पहुंचकर इस पुण्य अवसर का लाभ ले रहे हैं और अपने जीवन को कृतार्थ कर रहे हैं। जिसमें यज्ञाचार्य पं. योगेश्वर दुबे, उपाचार्य वेदाचार्य पं. महेश्वर प्रसाद द्विवेदी, शिव कथा प्रवक्ता पं. सागर मिश्रा व कथावाचक श्रीमती रश्मि शास्त्री तथा प्रवक्ता सुश्री आर्य त्रिपाठी द्वारा अपनी ओजस्वी वाणी से श्रद्धालुओं को धर्म और भक्ति से जोड़ रहे हैं। साथ ही साथ रात्रिकालीन में श्रीकृष्ण लीला की आकर्षक प्रस्तुति श्रद्धालुओं को भावविभोर कर रही है। जिस पर आयोजक समिति एवं ग्रामवासियों ने अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर श्री रुद्र महायज्ञ, श्रीराम कथा एवं शिव कथा को सफल बनाने तथा अपने जीवन को पुण्यमय बनाने की अपील की है।



विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### प्रहलाद बने भाजपा पिछड़ा वर्ग जिला महामंत्री



**कवर्धा।** भारतीय जनता पार्टी शीर्ष नेतृत्व व प्रदेश अध्यक्ष अशोक साहू, ओबीसी मोर्चा के जिला अध्यक्ष कृष्णा चंद्राकर की अनुशंसा पर प्रहलाद पटेल को पिछड़ा वर्ग मोर्चा जिला महामंत्री पद का दायित्व दिया गया। उल्लेखनीय है कि श्री पटेल पूर्व में मंडल महामंत्री एवं समाज में अच्छी पकड़ रखते हैं। उनकी इस नियुक्ति से क्षेत्रवासियों में हर्ष व्याप्त है और कार्यकर्ताओं ने उन्हें बधाई दी है।

### टास्क फोर्स समिति का किया गया गठित

**कवर्धा।** कलेक्टर गोपाल वर्मा ने प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन एवं एनपीएस ट्रेड्र्स योजनाओं के क्रियान्वयन के लिए टास्क फोर्स का गठन किया है। जिले के असंगठित क्षेत्रों के श्रमिकों एवं छोटे व्यापारियों को समाजिक सुरक्षा पेंशन सुविधा से लाभ दिलाने के लिए प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन एवं एनपीएस ट्रेड्र्स योजनाओं के अंतर्गत पंजीकरण किया जाएगा।

### संभाग स्तरीय रोजगार मेला 14-15 को

**कवर्धा।** छत्तीसगढ़ के शिक्षित बेरोजगार युवाओं को निजी क्षेत्र में रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से संभाग स्तरीय रोजगार मेला 14 एवं 15 फरवरी 2026 को दुर्ग शहर में आयोजित है। रोजगार मेला का उद्देश्य एक ही जगह में नियोजक एवं आवेदक को एक प्लेटफार्म उपलब्ध करा कर, मेला स्थल पर ही साक्षात्कार लेकर, चयन किया जाएगा। कबीरधाम जिले ऐसे नियोजक जिन्हें अपनी संस्था में रिक्त पदों में भर्ती किया जाना है वे विभाग की ई-रोजगार पोर्टल में पंजीकृत होकर, ऑनलाईन रिक्तियॉ भेज सकते हैं या जिला रोजगार कार्यालय, कबीरधाम में रिक्तियों की जानकारी सहित 10 फरवरी 2026 तक जमा कर सकते हैं, जिससे पदों पर भर्ती हो सके। निजी क्षेत्र में रोजगार इच्छुक आवेदक भी इस विभाग की ई-रोजगार पोर्टल में पंजीकृत कराकर रोजगार मेला के लिए आवेदन कर सकते हैं।

### योजना से सशक्त हो रही ग्रामीण महिलाएं

**कवर्धा।** छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन 'बिहान' ग्रामीण महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक सशक्त पहल है। इस योजना से जुड़कर महिलाएं अपने हुनर और मेहनत से आजीविका के नए रास्ते बना रही हैं। इसी कड़ी में ग्राम झलमला की जानकी धुर्वे ने स्वयं सहायता समूह और बिहान योजना के सहयोग से सब्जी उत्पादन को अपनाकर न केवल अपनी आय बढ़ाई, बल्कि आत्मनिर्भरता की मिसाल भी कायम की है। श्रीमती जानकी धुर्वे वर्ष 2013 से बिहान योजना से जुड़ी हैं और माँ शीतला स्वयं सहायता समूह की सदस्य हैं। समूह से जुड़ने के बाद उन्होंने बचत करना सीखा और जरूरत के समय ऋण भी मिला। रोजगार शुरू करने के लिए उन्होंने समूह से 1 लाख रूपए लेकर सब्जी उत्पादन कर अपने परिवार का जीवन सवारा।

---

आबादी के करीब पहुंचने से बढ़ा खतरा, ग्रामीणों में दहशत

# भोरमदेव अभ्यारण में हाथी की मौजूदगी ने ग्रामीणों की बढ़ाई चिंता

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

कबीरधाम जिले के जंगलों में पिछले दो सप्ताह से एक जंगली हाथी की मौजूदगी ने वन विभाग और ग्रामीणों की चिंता बढ़ा दी है। झुंड से बिछड़कर जिले में प्रवेश किया यह हाथी लगातार आबादी वाले इलाकों के आसपास विचरण कर रहा है, जिससे ग्रामीणों में भय का माहौल बन गया है।

हाथी की लगातार बदलती लोकेशन, संभावित आक्रामक व्यवहार और अवैध शिकार का खतरा वन विभाग के लिए एक बड़ी चुनौती बनता जा रहा है। जानकारी के अनुसार, यह जंगली हाथी अचानकमार टाइगर रिजर्व की ओर से भटकते हुए कबीरधाम जिले में दाखिल हुआ। सबसे पहले हाथी पंडरिया वन परिक्षेत्र पूर्व के जंगलों में देखा गया, जहां वह गांगापुर-पाढ़ी गांव के समीप करीब दो दिनों तक विचरण करता रहा।

इसके बाद हाथी ने अपना मार्ग बदला और तरेगांव के जंगलों की ओर बढ़ गया। भोजन और अपने झुंड की तलाश में यह हाथी बोड़ला क्षेत्र से होते हुए करीब दो सप्ताह का सफर तय कर भोरमदेव अभ्यारण्य तक पहुंच गया है। इस दौरान कई बार हाथी गांवों और खेतों के नजदीक नजर आया, जिससे ग्रामीणों में दहशत फैल गई है।

लोग रात के समय खेतों और जंगल की ओर जाने से बच रहे हैं। जिले के अधिकांश वन क्षेत्र पहाड़ी और दुर्गम होने के कारण हाथी मैदानी और रहवासी इलाकों में खुद को अपेक्षाकृत सुरक्षित महसूस कर रहा है। इसी वजह से वह बार-बार गांवों के आसपास दिखाई दे रहा है। वन विभाग के अधिकारियों का कहना है कि झुंड से बिछड़ने के कारण हाथी मानसिक रूप से तनाव में है और डरा हुआ है, जिससे उसके आक्रामक होने की आशंका बनी हुई है।

### वन विभाग हाथी की गतिविधियों पर रख रहा है नजर



स्थिति की गंभीरता को देखते हुए वन विभाग की टीम हाथी की हर गतिविधि पर लगातार नजर बनाए हुए है। प्रभावित गांवों में मुनादी कराकर ग्रामीणों को सतर्क किया जा रहा है। वन विभाग द्वारा लोगों से अपील की गई है कि वे हाथी से सुरक्षित दूरी बनाए रखें, रात में अकेले जंगल या खेतों की ओर न जाएं और किसी भी परिस्थिति में हाथी को उकसाने या उसके करीब जाने का प्रयास न करें। जंगली हाथी के लिए अवैध शिकार भी एक बड़ा खतरा बना हुआ है। जिले के जंगलों में करंट तार बिछाकर शिकार किए जाने की शिकायतें पूर्व में सामने आती रही हैं। ऐसे में हाथी के करंट की चपेट में आने की आशंका से भी इनकार नहीं किया जा सकता। आमतौर पर हाथी अचानकमार टाइगर रिजर्व से कान्हा नेशनल पार्क की ओर आवाजाही के दौरान कबीरधाम जिले के जंगलों में कुछ समय के लिए रुकते हैं और फिर आगे बढ़ जाते हैं। लेकिन इस बार झुंड से बिछड़ा यह हाथी जिले के भीतर काफी गहराई तक पहुंच चुका है। ऐसे में उसकी सुरक्षित निगरानी, संभावित मार्गदर्शन और ग्रामीणों की सुरक्षा सुनिश्चित करना वन विभाग के लिए एक बड़ी चुनौती बन गया है।

### भालुओं का दल पहुंचा रहवासी इलाकों में, रातभर दहशत का माहौल



**कवर्धा।** कबीरधाम जिले में बीती रात उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब जंगल से भटककर तीन भालुओं का दल रहवासी इलाकों के बेहद करीब पहुंच गया। 17वीं बटालियन क्षेत्र अंतर्गत जैतपूरी और रामचुआ गांव के आसपास भालुओं की मौजूदगी से ग्रामीणों में दहशत फैल गई। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए वन विभाग की टीम पूरी रात मौके पर डटी रही और लगातार निगरानी करती रही। प्राप्त जानकारी के अनुसार, देर रात ग्रामीणों ने गांव से लगे खेतों और बस्तियों के आसपास तीन भालुओं को घूमते हुए देखा। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, भालू काफी देर तक इलाके में विचरण करते रहे। कुछ ग्रामीणों ने मोबाइल की रोशनी में भालुओं को देखा, जिसके बाद घबराए ग्रामीणों ने तत्काल इसकी सूचना वन विभाग को दी। भालुओं की खबर फैलते ही जैतपूरी और रामचुआ गांव के लोगों में भय का माहौल बन गया। एहतियातन ग्रामीण अपने-अपने घरों में दुबक गए और रातभर बाहर निकलने से बचते रहे। कई परिवारों ने बच्चों और बुजुर्गों को सुरक्षित कमरों में रखा। गांव की गलियां देर रात तक सुनसान रहीं। यह क्षेत्र भोरमदेव अभ्यारण्य से लगा हुआ है, जहां से जंगली जानवरों की आवाजाही अक्सर होती रहती है। हालांकि, भालुओं का इस तरह सीधे रहवासी इलाके के पास पहुंचना ग्रामीणों के लिए चिंता का विषय बन गया है। ग्रामीणों का कहना है कि इससे पहले भी कभी-कभार जंगली जानवर नजर आए हैं, लेकिन एक साथ तीन भालुओं का गांव के इतने नजदीक आना पहली बार देखा गया है। सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और पूरे क्षेत्र में गश्त शुरू कर दी। वनकर्मियों ने टॉर्च और वाहनों की मदद से भालुओं की लोकेशन पर नजर रखी। साथ ही ग्रामीणों को सतर्क करते हुए लाउडस्पीकर और मुनादी के जरिए घरों से बाहर न निकलने की अपील की गई। वन विभाग के अधिकारियों के अनुसार, संभवतः भोजन और पानी की तलाश में भालू जंगल से बाहर निकलकर आबादी की ओर आ गए। गर्मी बढ़ने और जंगल में खाद्य संसाधनों की कमी के कारण इस तरह की घटनाएं बढ़ रही हैं। अधिकारियों ने बताया कि फिलहाल किसी तरह की जनहानि या संपत्ति नुकसान की सूचना नहीं है, जो राहत की बात है। वन विभाग ने ग्रामीणों से अपील की है कि वे रात के समय अकेले बाहर न निकलें, खेतों या जंगल की ओर जाने से बचें और किसी भी स्थिति में भालुओं को उकसाने या उनके नजदीक जाने का प्रयास न करें। साथ ही यदि दोबारा भालू दिखाई दें तो तुरंत वन विभाग को सूचना दें। भोरमदेव अभ्यारण्य से सटे गांवों में जंगली जानवरों की बढ़ती आवाजाही वन विभाग के लिए भी चुनौती बनती जा रही है। ऐसे में ग्रामीणों की सुरक्षा सुनिश्चित करना और जंगली जानवरों को सुरक्षित तरीके से जंगल की ओर वापस खदेड़ना विभाग की प्राथमिकता बनी हुई है।

---

# प्रधान पाठक में पदोन्नत शिक्षकों को पदांकन के लिए विकल्प देने की मांग, सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा



शिक्षक संवर्ग की पदोन्नति के बाद पदांकन के लिए कॉउंसलिंग का आयोजन किया जाता है, जिसमें वर्तमान पदस्थ शाला में पदोन्नत पद रिक्त होने पर उसी संस्था में ही पदस्थ कर दिया जाता है, जिससे बीस-पच्चीस साल से सेवा दे रहे शिक्षकों को पदांकन के लिए विकल्प नहीं मिल पाता है। संयुक्त संचालक शिक्षा संभाग दुर्ग द्वारा विगत 19 जनवरी को ई-एलबी एवं ई-संवर्ग के शिक्षकों का प्रधान पाठक पूर्व माध्यमिक शाला के पद पर पदोन्नति आदेश जारी किया है, जिसके पदांकन के लिए कॉउंसलिंग का आयोजन इसी महीने संभावित है। इसी तारतम्य में जिले के शिक्षकों ने छ.ग. टीचर्स एसोसिएशन जिलाध्यक्ष डॉ. रमेश कुमार चन्द्रवंशी के नेतृत्व में जिला शिक्षा अधिकारी एफ. आर. वर्मा से मुलाकात कर स्कूल शिक्षा मंत्री, शिक्षा सचिव, लोक शिक्षण संचालनालय के संचालक एवं शिक्षा संभाग दुर्ग के संयुक्त संचालक के नाम ज्ञापन सौंपकर मांग किया है कि वर्तमान पदस्थ संस्था में प्रधान पाठक पूर्व माध्यमिक का पद रिक्त होने पर पदोन्नत शिक्षकों को उस संस्था में रहने या नहीं रहने का सहमति/असहमति लिया जावे। यदि कोई पदोन्नत शिक्षक, वर्तमान पदस्थ संस्था में रहने के लिए असहमति व्यक्त करे, तो उन्हें कॉउंसलिंग में निर्धारित वरिष्ठता क्रम के अनुसार शामिल किया जावे। कॉउंसलिंग के समय निर्धारित वरिष्ठता क्रम के अनुसार ई-संवर्ग एवं ई-एलबी संवर्ग के शिक्षकों को 1:1 के अनुपात में क्रमशः बुलाया जावे। पदांकन के लिए कॉउंसलिंग का आयोजन शीघ्र कर पदांकन आदेश जारी किया जावे। इस दौरान प्रमुख रूप से एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष डॉ. रमेश कुमार चन्द्रवंशी, वकील बेग मिर्जा, गोकुल जायसवाल, उमेश चन्द्रवंशी, शिव धुर्वे, जयप्रकाश चन्द्रवंशी, रामसिंग साहू, राजेंद्र निर्मलकर, ईश्वरी पटेल, अनिल पाण्डेय, राजेंद्र तलवारे, लतीफ हुसैन, नरेंद्र चंद्रौल, पीताम्बर चन्द्रवंशी, विनोद राजपूत, पुरूषोतम साहू, चंद्रशेखर बघेल आदि उपस्थित रहे।

# मशरूम उत्पादन से आजीविका संवर्धन के लिए कृषक प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा



कृषि विज्ञान केन्द्र, कवर्धा एवं छत्तीसगढ़ विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद रायपुर के संयुक्त तत्वधान मे ग्राम रामपुर, विकासखंड सहसपुर लोहारा जिला कबीरधाम में 02 से 04 फरवरी तक तीन दिवसीय मशरूम उत्पादन तकनीक विषय पर प्रशिक्षण आयोजित किया गया जिसमे ग्राम रामपुर एवं आसपास गांवों के लगभग 150 कृषक एवं महिला कृषक उपस्थित हुए। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में मशरूम उत्पादन विषय पर वैज्ञानिकों ने बताया कि मशरूम प्रोटीन का एक अच्छा स्त्रोत है। इसमें 20-35 प्रतिशत प्रोटीन की मात्रा विद्यमान रहती है। इसमें विटामिन सी, विटामीन डी, पोटेशियम, फास्फोरस, सोडियम तथा सूक्ष्म मात्रा में लोहा भी पाया जाता है। जो मानसिक तनाव से ग्रसित मरीजों के लिए फायदेमंद होता है। इसमें वसा, स्टार्च, कोलेस्ट्राल की मात्रा कम होती है। प्रशिक्षणार्थियों को मशरूम उत्पादन के सैद्धांतिक एवं प्रायोगिक जानकारी प्रदाय किया गया। ।

### राष्ट्रीय बेसबॉल प्रतियोगिता में कवर्धा की बेटी वैदेही सिन्हा ने रचा इतिहास



**कवर्धा।** दिल्ली में 29 जनवरी से 3 फरवरी तक आयोजित राष्ट्रीय बेसबॉल प्रतियोगिता में वैदेही सिन्हा ने अपने खेल प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन करते हुए जिले व प्रदेश का नाम रौशन किया है। इस राष्ट्रीय बेसबॉल प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़, हरियाणा, मध्यप्रदेश, असम, पंजाब और दिल्ली की मजबूत टीमों ने भाग लिया। खास बात यह रही कि पूरे कवर्धा जिले से वैदेही सिन्हा एकमात्र बालिका खिलाड़ी थीं, जिन्होंने छत्तीसगढ़ टीम का प्रतिनिधित्व किया। वैदेही सिन्हा के उत्कृष्ट प्रदर्शन के दम पर छत्तीसगढ़ की टीम ने हरियाणा, मध्यप्रदेश, असम, पंजाब और दिल्ली जैसी सशक्त टीमों को पराजित करते हुए फाइनल मुकाबले में प्रवेश किया और राष्ट्रीय स्तर पर उपविजेता बनकर दूसरा स्थान हासिल किया। गत 3 फरवरी को फाइनल मुकाबले के बाद जब वैदेही अपने गांव नवागांव सोनपुरी लौटीं, तो पूरे गांव में उत्सव का माहौल देखने को मिला। ग्रामीणों ने ढोल-नगाड़ों, फूल-मालाओं और जयघोष के साथ बेटी का ऐतिहासिक स्वागत किया। गांव के हर व्यक्ति के चेहरे पर गर्व और खुशी साफ झलक रही थी। अपनी इस सफलता पर वैदेही सिन्हा ने अपने माता पिता और कोच का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनके निरंतर सहयोग, मार्गदर्शन और विश्वास के कारण ही वह इस मुकाम तक पहुंच पाई हैं। उन्होंने बताया कि उनका लक्ष्य भविष्य में भारत का प्रतिनिधित्व करना और देश के लिए स्वर्ण पदक जीतना है, जिसके लिए वह लगातार मेहनत कर रही हैं। नवागांव सोनपुरी की इस होनहार बेटी ने यह सिद्ध कर दिया है कि मजबूत इच्छाशक्ति और कड़ी मेहनत के बल पर गांव से निकलकर भी राष्ट्रीय मंच पर सफलता हासिल की जा सकती है. आज वैदेही सिन्हा छत्तीसगढ़ की बेटियों के लिए एक प्रेरणास्रोत बन चुकी हैं।

# वनांचल ग्राम कामठी में श्री रामकथा का भव्य समापन

## साध्वी नीलम गायत्री ने किया हिंदू जागरण का आह्वान



- आयोजन के अंतिम दिन कथा सुनने उमड़ा जनसैलाब

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोदवागोड़ान

वनांचल क्षेत्र के ग्राम कामठी में आयोजित पांच दिवसीय भव्य श्री रामकथा के अंतिम दिवस श्रद्धा का जनसैलाब उमड़ पड़ा। जगद्गुरु रामभद्राचार्य की सुयोग्य शिष्या मानस कोकिला साध्वी नीलम गायत्री ने कथा के अंतिम दिन श्रोताओं की खचाखच भीड़ को संबोधित करते हुए भक्ति, शक्ति और राष्ट्रवाद का अद्भुत संगम प्रस्तुत किया।

साध्वी नीलम गायत्री ने अपने संबोधन में हिंदू जागरण पर विशेष बल दिया। उन्होंने कहा कि आज समय आ गया है जब सनातन के विरोधियों के खिलाफ सभी हिंदुओं को एकजुट होकर प्रतिकार करना चाहिए। उन्होंने प्रत्येक गांव में प्रभात फेरी प्रारंभ करने का आह्वान करते हुए कहा कि इससे न केवल धर्म का प्रचार होगा, बल्कि समाज में एकता और चेतना का संचार भी होगा। भारत की महिमा का गुणगान करते हुए मानस कोकिला ने कहा, भारत विश्व का एकमात्र ऐसा देश है जहां स्वयं ईश्वर (भगवान राम) को भी मार्ग जानने के लिए भारद्वाज मुनि जैसे संतों से रास्ता पूछना पड़ता है और निवास के लिए अगस्त्य ऋषि से परामर्श लेना पड़ता है। यह हमारी ऋषि परंपरा और संतों की महानता का प्रमाण है। कथा के दौरान साध्वी ने राजा दशरथ के प्राण त्याग और भगवान राम के वन गमन के पश्चात की हृदयविदारक स्थिति का मार्मिक वर्णन किया। उन्होंने कहा, भरतेहू बिसरेऊ पितु मरण सुनत राम बन गौन—अर्थात भरत को पिता की मृत्यु का उतना दुख नहीं हुआ, जितना राम जी के वन जाने का शोक था।

### श्री राम दरबार में पंडरिया विधायक भावना बोहरा ने व्यक्त की सद्भावना

कथा के अंतिम दिन क्षेत्र की लोकप्रिय विधायक श्रीमती भावना बोहरा ने भी कथा श्रवण कर आशीर्वाद लिया और इस आयोजन के प्रति अपनी सद्भावना और अपने विचार व्यक्त किए।उन्होंने कहा कि आने वाली महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर कामठी मंदिर में भगवान शिव का सामूहिक अभिषेक और पूजन हो ऐसी अभिलाषा है। आज की कथा में सामाजिक कार्यकर्ता रघुनंदन पाठक, अनिल शुक्ला, रविनंदन पांडेय, सुधीर पांडेय, रितेश सिंह, शिवनंदन पांडेय ,रूपेश जैन सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक और श्रद्धालु उपस्थित थे। इस भव्य आयोजन को सफल बनाने में आयोजन समिति के सदस्यों का सराहनीय योगदान रहा। कार्यक्रम के दौरान दुर्गाचरण पांडेय, कृष्णकुमार कुंभकार, साधु कोठारी, रामदयाल पोर्ते, मोहित यादव, मनहरण श्रीवास और पंचराम पटेल ने समर्पित भाव से अपनी सेवाएं दीं और सुचारू व्यवस्था बनाए रखी। सम्पूर्ण पांच दिवसीय श्री रामकथा कार्यक्रम का मंच पर कुशल और सफल संचालन संतोष श्रीवास द्वारा किया गया, जिनकी प्रस्तुति ने श्रोताओं को अंत तक बांधे रखा।

---

माघी पूर्णिमा मेला सम्पन्न होने के बाद जलेश्वर महादेव घाट परिसर में जमा हुआ था कूड़ा करकट

# मोर भुईयां फाउंडेशन जलेश्वर महादेव घाट, डोंगरिया में स्वच्छता अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ पाण्डातराई



माघी पूर्णिमा मेला सम्पन्न होने के बाद जलेश्वर महादेव घाट परिसर में अत्यधिक मात्रा में फैली गंदगी तथा अव्यवस्था को देखते हुए मोर भुईयां फाउंडेशन ने गुरूवार को एक विशेष स्वच्छता अभियान का आयोजन किया। जलेश्वर महादेव घाट न केवल स्थानीय श्रद्धालुओं के लिए एक आस्था का प्रमुख केन्द्र है, बल्कि आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के लिए भी यह एक सांस्कृतिक और आध्यात्मिक धरोहर के रूप में स्थापित है।

ऐसे पावन स्थल पर गंदगी का फैलना अनुचित होने के साथ-साथ पर्यावरण के लिए भी हानिकारक है। इसी भावना को ध्यान में रखते हुए मोर भुईयां फाउंडेशन से जुड़े 70 उत्साही युवा स्वयं सेवकों ने एकत्र होकर पूरे घाट परिसर की व्यापक सफाई की। स्वयं सेवकों ने मेला समाप्ति के बाद बिखरे प्लास्टिक, कचरा, अवशिष्ट सामग्री और अन्य अपशिष्ट पदार्थों को छांटा तथा घाट परिसर को स्वच्छ एवं आकर्षक बनाया। स्वच्छता अभियान का नेतृत्व कर रहे सचिन गुप्ता ने बताया कि आज का अभियान बेहद सफल रहा। उन्होंने कहा कि युवाओं में जो उत्साह और जिम्मेदारी दिखी, वह प्रेरणादायक है। अभियान के दौरान सभी स्वयंसेवकों ने पूरी निष्ठा के साथ काम किया और कम समय में पूरे क्षेत्र को साफ-सुथरा बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया।

सचिन गुप्ता ने यह भी कहा कि ऐसे कार्यक्रम न केवल सफाई के लिए जरूरी हैं, बल्कि यह समाज में सामूहिक जिम्मेदारी और स्वच्छता के महत्व का संदेश भी पहुंचाते हैं। फाउंडेशन ने क्षेत्रवासियों से अपील की है कि वे भी इन अभियानों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लें, ताकि जलेश्वर महादेव घाट और आसपास का पूरा क्षेत्र स्वच्छ, सुंदर और प्रेरणादायक बन सके। इस अवसर पर श्रमदान करने सचिन गुप्ता, डोंगरिया के सरपंच बैजनाथ चंद्रवंशी, जनपद सदस्य प्रतिनिधि तुषार चंद्रवंशी, पांडातराई पार्षद सुरेंद कुंभकार, बबन सोनी, रोहित साहू, नमन गुप्ता, खडौदा कला के उपसरपंच दीपक साहू, सागर लाहगीर, राजकुमार पाली, मनोज गेंद्रे, तुलसी यादव, मानस मिश्रा कामता निर्मलकर, पुष्पेंद, मानचदं टंडन, बीटू बंजारे, राजा यादव, सुनील बंजारे, हिरेंद्र बघेल, गोपी यादव, अजय, चमन निर्मलकर, नितेश कुंभकार, हर्ष गुप्ता, शंशाक गुप्ता, उत्कर्ष गुप्ता, निखिल मल्हा, लीला यादव, कालेश्वर निर्मलकर, गजेंद्र गुप्ता, दुलारू साहू, संजय साहू, श्रवण यादव एवं नगर पंचायत पांडातराई के सफाई कमांडो साथियों का सहयोग प्राप्त हुआ।

# जिला जेल में बंदियों को कराया जा रहा गीता का अध्ययन, प्रतिदिन हो रहा श्लोक पाठ

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिल्हाटी



जिला जेल कबीरधाम में बंदियों के नैतिक, आध्यात्मिक एवं व्यक्तित्व विकास के उद्देश्य से गीता परिवार के द्वारा नियमित रूप से गीता के सभी अध्यायों का अध्ययन कराया जा रहा है। कलेक्टर गोपाल वर्मा के मार्गदर्शन में 03 फरवरी 2026 से प्रारंभ किया गया है। कार्यक्रम के अंतर्गत जिले के 11 बंदियों को गीता के समस्त अध्यायों का क्रमबद्ध अध्ययन कराया जा रहा है। प्रतिदिन प्रातः 7.30 बजे से 8.10 बजे तक ऑनलाइन माध्यम से गीता पाठ का आयोजन किया जा रहा है। गीता परिवार से जुड़े श्रीमती वर्षा वर्मा (धर्मपत्नी कलेक्टर गोपाल वर्मा), नितिन गोरे एवं श्रीमती साई काव्या के द्वारा बंदियों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने के उद्देश्य से गीता पाठ की कक्षाएं ली जा रही है और सरल एवं सहज भाषा में गीता के श्लोकों का अर्थ, भावार्थ एवं जीवन में उनके व्यावहारिक उपयोग की जानकारी दी जा रही है। सहायक जेल अधीक्षक राजेंद्र बंजारे ने बताया कि यह गीता अध्ययन कार्यक्रम कुल 3 माह की अवधि का होगा, जिसमें बंदियों को गीता के सभी 18 अध्यायों का अध्ययन कराया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस पहल का मुख्य उद्देश्य बंदियों के भीतर सकारात्मक सोच का विकास करना, आत्मचिंतन की प्रवृत्ति को प्रोत्साहित करना तथा उन्हें जीवन में सही दिशा एवं मूल्यबोध प्रदान करना है। श्री बंजारे ने बताया कि गीता अध्ययन के माध्यम से बंदियों में धैर्य एवं मानसिक शांति जैसे गुणों का विकास होगा जिससे उनके व्यवहार में सकारात्मक परिवर्तन देखने को मिलेगा।